
शुभम संदेश
एक राज्य - एक अखबार

आजाद भारत का **पहला डैम** होने का गौरव प्राप्त है मैथन को

**65** वर्ग किमी में फैले जंगलों व पहाड़ियों के बीच मौजूद है **खूबसूरत मैथन**



# प्राकृतिक सौंदर्य और भक्ति का अनूठा संगम मैथन डैम

शेष नारायण सिंह। मैथन

मैथन का नाम "माई का स्थान" माईथान से पड़ा है, जिसका अर्थ है हिंदू देवी मां कल्याणेश्वरी का स्थान. धनबाद से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित मैथन डैम प्रकृति की मनोहारी छटाओं और देवी स्थान ( मां कल्याणेश्वरी मंदिर ) के साथ-साथ प्रकृति के मानव हित में व्यापक इस्तेमाल के लिए भी पूरे देश में जाना जाता है. देश में ऐसा विरले ही स्थान है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य के साथ साथ भक्ति का केंद्र भी हो. सही अर्थों में यह प्राकृतिक सौंदर्य और भक्ति का अनूठा संगम है. नदी का किनारा, खूबसूरत वादियां, पहाड़ों और चारों तरफ पानी में घिरे टापू, पेड़ों के झुरमुटों व रंगबिरंगी फूलों की खूशबू आपको यहां से जाने नहीं देंगी. शुभम संदेश की तीसरी कड़ी में हम **इसी माईथान से होते हैं रूबरू...**

## तबाही की दिशा को मानवहित में ऐसे मोड़ा

मैथन डैम प्रकृति का मानव के व्यापक हित में इस्तेमाल की मिशाल है. पहले बराकर और दामोदर नदी को बंगाल का शोक कहा जाता था. दोनों नदियां पश्चिम बंगाल में हर साल बरसात में तबाही मचाती थीं. देश की आजादी के बाद यहां डैम की नींव रखी गई और अमेरिका के टेनिस वैली अथॉरिटी की तर्ज पर सन 1948 में देश की पहली बहुद्देश्यीय परियोजना दामोदर घाटी निगम ( डीवीसी ) अस्तित्व में आया. यहां के अंडरग्राउंड पावर स्टेशन पूरे एशिया में अद्वितीय है. बराकर और दामोदर नदी का रूप इतना विकराल था कि उन्हें एक जगह पर बांध कर नियंत्रित नहीं किया जा सकता था. इसलिए पहले दामोदर को कोनार एवं पंचेत में तथा बराकर को तिलैया एवं मैथन में बांध बना कर उसकी तांडव लीला को रोका गया. इसके बाद इस तबाही की दिशा मानवहित की तरफ मोड़ा जा सका.

### सैलानियों के आकर्षण का केंद्र मिलेनियम पार्क

डीवीसी और राज्य सरकार का मैथन डैम के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान है. सैलानियों को आकर्षित करने के लिए इसे और खूबसूरत बनाने का प्रयास किए जाते रहे हैं. डीवीसी की ओर से यहां मिलेनियम पार्क, हिरण पार्क, नेहरू पार्क, गोल्डन पार्क, सुलेमान पार्क और फूलबगान को अच्छे ढंग से सजाया जाता है. मिलेनियम पार्क में कलात्मक ढंग से सजाये गये रंगबिरंगी फूलों व पेड़ पौधों के बीच कृत्रिम जीव-जंतुओं लोगों को खूब आकर्षित करती है.

### नौकाविहार का उठाएं आनंद

65 वर्ग किमी में फैले जंगलों व पहाड़ियों के बीच मैथन डैम के जलाशय में सैलानी नौकाविहार करने का आनंद उठाना नहीं भूलते हैं. नौकायन के लिए यहां पर काफी सारी नाव हैं और स्पीडबोट का भी यहां अलग ही आनंद है.



### मंदिर में मत्था टेकने आते हैं भक्त

मैथन डैम के पास ही मां कल्याणेश्वरी मंदिर भक्ति का बड़ा केंद्र है. पिकनिक मनाने आने वाले लोग यहां मां के चरणों में मत्था टेकना नहीं भूलते. मंदिर का कपाट खुलने से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है.

### मैथन डैम कैसे पहुंचे

मैथन डैम रेल एवं सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है. मैथन से तीन किमी की दूरी पर कुमारधुबी रेलवे स्टेशन स्थित है. जहां से मैथन के लिए ऑटो मिलती है. वहीं सड़क मार्ग के नेशनल हाईवे से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है मैथन डैम, जहां आसानी से पहुंचा जा सकता है.

---

भौंरा में कार्यरत एटीदेव प्रभा 4 ए पैच आउटसोर्सिंग का कारनामा

# दामोदर नदी की कब्र खोद रहे ओबी के पहाड़






रिजवान शम्स/ रंजीत सिंह। धनबाद

झारखंड की बड़ी नदियों में शुमार दामोदर जलीय मरुस्थल का रूप ले रहा है. बड़ा कारण है प्रदूषण. वजह है नदी में गिरने वाले फैक्ट्री के कचरे और आउट सोर्सिंग कंपनियों के कोयला निकालने के बाद का कचरा. फिलहाल दामोदर के अस्तित्व पर ओबी डंप बड़ा खतरा बनकर उभरा है. और ये इलाका है भौंरा का जहाजटांड दामोदार घाट. जहां कई वर्ग किमी तक ओबी पहाड़ बना हुआ है और इसकी काली मिट्टी और मटमैली चट्टान नदी में समा रही हैं. कई स्थानों पर ये ओबी अब डेल्टा का रूप ले रहा. जलीय जीव की तो खैर छोड़ ही दीजिए, आस-पास बसे इंसान भी इस प्रदूषण से त्राहिमाम कर रहे हैं. ऐसे में कौन आगे आकर इस नदी की हिफाजत करेगा, सवाल झारखंड के रहने वाले हर व्यक्ति से है.

कोयले की कमाई में अंधे हो चुके तंत्र की मौन सहमति पर नदी की कब्र खोदने का काम भौंरा मोहलबनी से लेकर जहाजटांड़ घाट के पास हो रहा है. नदी के किनारे ओबी का पहाड़ भौंरा में एटीदेव प्रभा 4 ए पैच का है. जो धीरे-धीरे नदी में समा रहा है. इससे नदी की गहराई कम हो रही है. कई स्थानों पर तो डेल्टा तैयार हो गया है. इस क्षेत्र में मछली समेत अन्य जलीय जीवों का भी नामोनिशान तक खत्म हो चुका है.

## मछली समेत अन्य जलीय जीवों की जिदंगी खतरे में, पर्यावरण भी प्रदूषित

### हरे नहीं साहब, यहां तो पत्ते भी काले

इस इलाके में प्रदूषण का ये आलम है कि यहां के पेड़ पौधों के पत्ते भी काले हो चले हैं. इनके उपर ओबी की काली मिट्टी की परत दर परत जमती जा रही है. इस कारण से यहां हरियाली के भी खत्म होने की आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है. ऐसे में आप सोच सकते हैं कि यहां के मानव जीवन पर इस प्रदूषण का कितना नकारात्मक असर पड़ेगा. तभी तो अमलाबाद के लोगों ने स्थानीय ओपी में इस प्रदूषण फैलाने को लेकर भौंरा कोलियरी प्रबंधक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. जहाजटांड़ समेत आसपास के लोग भी इस ओबी डंपिंग के बारे में कई बार आवाज उठा चुके हैं. लेकिन फिलहाल तक इनकी कोई सुनने वाला नहीं है.

### लाखों की प्यास बुझाती है नदी

दामोदर नदी झरिया और आसपास के लाखों की आबादी की प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा है. कोलियरी क्षेत्र होने के कारण इस इलाके में बोरिंग करने की इजाजत नहीं है और कम गहराई में कुंए में पानी नहीं निकलता है. ऐसे में नदी का पानी ही यहां एकमात्र सहारा है, लेकिन यदि ऐसा हाल रहा है तो वो दिन भी दूर नहीं जब झरिया व आसपास की जनता पानी के लिए भी तरस जाएगी.

### ओबी डंप कराने को लेकर एटी देव प्रभा के खिलाफ पर मुकदमा

ओबी डंप कराने को लेकर आउट सोर्सिंग कंपनी एटी देव प्रभा के खिलाफ धनबाद प्रशासन की ओर से दो मुकदमे कराए जा चुके हैं. एक मुकदमा बलियापुर अंचल के सीओ रामप्रवेश कुमार ने अलकडीहा ओपी में दर्ज कराया है. ये मामला भले ही दामोदर नदी से जुड़ा नहीं है लेकिन बलियापुर के सुरुंगा और मुकुंदा मौजा के रैयतों की जमीन का है, जहां आउट सोर्सिंग कंपनी ने यहां की चार सौ प्लॉटों पर जबरन ओबी डंप कर रखा है. वहीं दूसरा मामला बोकारो जिला के चंदनकियारी सीओ रवि कुमार आंनद ने अमला ओपी में इजी एरिया के महाप्रबंधक व थ्री पिट में कार्यरत आउट सोर्सिंग कंपनी के ठेकेदार के खिलाफ नदी किनारे ओबी डंप करने और दामोदर के पर्यावरण को प्रदूषित करने मुकदमा दर्ज किया गया है.

### सरयू राय उठा चुके हैं मुद्दा

दामोदर बचाओ मुहिम के प्रणेता रहे विधायक सरयू राय भी नदी में प्रदूषण फैलाने की लड़ाई में कमर कस चुके हैं. उन्होंने जिला प्रशासन को 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है. यदि कार्रवाई नहीं की गई तो फिर वे आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे. उन्होंने कहा कि हमारी समस्या आउट सोर्सिंग कंपनी नहीं बल्कि बीसीसीएल है, जो उन्हें एनवायरमेंट क्लीयरेंस मुहैया करा देता है. अब कानूनी लड़ाई लड़नी होगी.

### अपनी दामोदर से एक मुलाकात

उत्तरी छोटानागपुर के पठारों से निकलने वाली इस नदी की कुल लंबाई 541 किमी है. इसका जल ग्रहण क्षेत्र 24235 वर्ग किमी है. नदी बंगाल और झारखंड में लगभग आधी-आधी गुजरती है. नदी पर 8 बड़े बांध हैं, एक बैराज है इस पर और आधा दर्जन विद्युत जलगृह और तीन विद्यत ताप गृह हैं. इसकी तीन-चार सहायक नदियां हैं, इनमें कतरी, बराकर और कोनार शामिल हैं. बंगाल के हुगली में गिरने के बाद बंगाल की खाड़ी पहुंचकर अपना सैकड़ों किमी का सफर खत्म करती है.

---

## गिरिडीह में 8 साइबर अपराधी गिरफ्तार



**गिरिडीह।** पुलिस का साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी है. पुलिस ने फिर कार्रवाई करते हुए 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया है. यह जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को पपरवाटांड़ स्थित पुलिस ऑफिस में प्रेसवार्ता में दी. बताया कि साइबर ठगी की सूचना मिलने के बाद डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी व साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई, जिसमें 8 साइबर आरोपियों को पकड़ा गया. उनके पास से पुलिस ने 20 मोबाइल फोन, अलग-अलग कंपनियों के 25 सिम कार्ड, 4 एटीएम कार्ड, एक बैंक पासबुक, पैनकार्ड, आधार कार्ड और एक लैपटॉप बरामद किया है. गिरफ्तार आरोपियों में बिरनी के खेदवारा का दीपक कुमार, अहिल्यापुर के जोरासिमर का दिनेश कुमार मंडल, धनबाद जिले के टुंडी के राहुल कुमार मंडल, पवन मंडल, नीमटांड़ का सतीश कुमार, गावां थाना क्षेत्र के उपरैली कहुवाई का मंटू कुमार साव, बिरनी के पडरमनिया का प्रेम कुमार मंडल और गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बुढ़ियाटांड़ का रूपेश कुमार वर्मा शामिल हैं. एसपी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 128 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं.

- 20 मोबाइल व 25 सिम कार्ड बरामद

---

# गार्ड की नौकरी की आड़ में करता था मानव तस्करी, हुआ खुलासा

आरोपी सूरज गरीब लड़कियों को बहला कर कानपुर ले जाकर शादी करवाकर बेच देता था

**कानपुर से भाग कर आई युवती काजल ने खोला राज**

- लोगों ने कंपनी में धावा बोल कर किया काफी हंगामा
- लोगों ने पत्नी और बेटी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

संवाददाता। आदित्यपुर



आदित्यपुर की जगजीत स्टील कमनी कंपनी में गार्ड की नौकरी करने वाला सूरज यादव नामक युवक वर्षों से मानव तस्करी कर रहा था. जिसका खुलासा कानपुर से भागकर आई शर्मा बस्ती की काजल कुमारी नामक युवती ने किया. बतौर काजल ने पुलिस को बताया कि सूरज यहां से गरीब लड़कियों को बहला फुसलाकर कानपुर ले जाकर शादी करवाकर बेच देता था.

इस बात से आक्रोशित बस्तीवासियों ने मंगलवार की सुबह कंपनी में धावा बोलकर काफी हंगामा किया. इस हंगामा को लेकर आरोपी कंपनी से फरार हो गया. जिससे गुस्साए बस्तीवासियों ने आरोपी की पत्नी और बेटी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया. बता दें कि बस्तीवासियों ने सूरज उर्फ ओपी यादव पर लड़की की खरीद-बिक्री का आरोप लगाया है. सूचना मिलते ही आदित्यपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर थाने ले आई है. हालांकि आरोपी भागने में सफल रहा है. कानपुर से भागकर आई काजल ने बताया कि सूरज मूल रूप से यूपी का रहने वाला है. विगत 7 सालों से लड़कियों की खरीद-बिक्री का काम कर रहा है.

बताया कि उसने अपनी बेटी के साथ मिलकर कई मासूम आदिवासी लड़कियों को लखनऊ जैसे शहरों में बेच डाला है. आरआईटी मोड़ पर अपनी साइकिल रिपेयरिंग की दुकान खोल रखा है और वहीं से काला कारोबार करता था. साइकिल दुकान के बगल में स्थित जगदीप स्टील कंपनी में भाड़े में रहता है. बता दें कि लड़की की खरीद- बिक्री में सूरज के साथ अन्य व्यक्ति भी शामिल हैं. वे लोग भी भाग निकले हैं. सूरज लड़की को काम पे लगाने के बहाने लाता है और उसे बाहर शहरों में बेच दिया करता है. कई लड़कियां उसका शिकार होने के बाद किसी तरह बच-बचाकर भाग निकली और अपने घर पहुंच परिजनों से अपनी आपबीती सुनाई. जिसके बाद बस्तीवासी एकजुट होकर मंगलवार को आरोपी के ठिकाने पर हंगामा किया.

---

# पिकनिक मनाने गए दो किशोर डूबे, मौत

मृतकों में कदमा आदर्श पांडेय (14) और कर्णवीर सिंह (15) शामिल हैं

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर से सटे कपाली ओपी क्षेत्र के सापड़ा घाट में मंगलवार को पिकनिक मनाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई. मृतकों में कदमा अनिल सूरपथ निवासी आदर्श पांडेय (14) और कर्णवीर सिंह (15) शामिल हैं. दोनों अपने अन्य साथियों के साथ कपाली के सापड़ा में पिकनिक मनाने के लिए गए थे. पिकनिक मनाने के दौरान नहाने के क्रम में कर्णवीर गहरे पानी में डूबने लगा. इसी बीच आदर्श उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा. दोनों गहरे पानी में चले गए. पास ही मौजूद मछुआरों ने दोनों को पानी से निकाला और स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने आदर्श को मृत घोषित कर दिया और कर्णवीर को टीएमएच रेफर कर दिया. टीएमएच में कर्णवीर की भी मौत हो गई.

### एक साथी हो गया फरार

मिली जानकारी के अनुसार आदर्श और कर्णवीर अपने एक अन्य साथी के साथ सापड़ा घाट में पिकनिक मनाने के लिए गए थे. तीनों पानी में नहाने के लिए उतरे थे. इसी बीच तीनों डूबने लगे. एक युवक को बचा लिया गया पर कर्णवीर और आदर्श गहरे पानी में चले गए. मछुआरों ने किसी तरह दोनों को निकाला. हालांकि इस बीच अन्य युवक मौके से फरार हो गया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## सीएम आवास घेरने निकले पारा शिक्षकों को पुलिस ने रोका

**रांची।** जेटेट पास सहायक अध्यापक अपनी एक मांग वेतनमान की मांग को लेकर धरने के 127वें दिन मंगलवार को राजभवन से मुख्यमंत्री आवास घेराव करने के लिए एकजुट हुए. लेकिन पुलिस ने उन्हें धरनास्थल पर ही बैरिकेडिंग कर रोक दिया. बता दें कि जेटेट पास सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक विगत 20 वर्षों से लगातार सहायक अध्यापक के पद पर कार्य करने एवं एनईपी तथा एनसीटीई की सभी वांछित अहर्ताओं को पूरा करने वाले 14 हजार 42 टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे बहाल करने के लिए सरकार से आग्रह करत आ रहे हैं.

---

**सूरते-हाल** बीबीएमकेयू के हटाये गये चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने जताया विरोध

# 31 चतुर्थवर्गीय कर्मी को हटाया, विवि का तर्क 37 पद स्वीकृत, 68 कार्यरत

- दिया आश्वासन राजभवन के मार्गदर्शन के बाद दोबारा नौकरी पर रखने का लेंगे निर्णय

संवाददाता। धनबाद



विरोध जताते बीबीएमकेयू के हटाये गए सफाईकर्मी.

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि प्रशासन ने 3 वर्षों से कम कर रहे 31 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी को बिना सूचना के एक नवंबर से काम से हटा दिया है. 26 दिसंबर को गांधी सेवा सदन पहुंच विरोध जता रहे सफाई कर्मी रीतलाल हाजरा ने बताया कि बीते लगभग दो महीने से वे कुलपति और रजिस्ट्रार के आश्वासन की वजह से चुप थे, लेकिन अब परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है. मंगलवार को रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार ने फिर कुछ दिन रुकने और राजभवन के आदेश मिलने तक का आश्वासन दिया. अब उनके सब्र का बांध टूट गया है.

**क्या है मामला :** बता दें कि विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने के बाद से बीबीएमकेयू में 68 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी कार्यरत थे, लेकिन वर्तमान प्रभारी कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार ने जांच के क्रम में 37 स्वीकृत पद पाया. इसके बाद उन्होंने राजभवन के मार्गदर्शन मिलने तक 31 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को काम से हटा दिया. इनमें 16 सफाई कर्मियों के अलावा, गन मैन, सुरक्षा गार्ड, कुक और चपरासी शामिल हैं. अब कर्मचारियों का आरोप है कि जब पद 37 ही थे तो 68 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को बीते 3 वर्षों से नौकरी पर रखकर उनके भविष्य के साथ विश्वविद्यालय ने खिलवाड़ क्यों किया. विरोध करने वालों में बबलू कुमार रजवार, सुरेंद्र बास्की, हरि चंद्र किस्कू, गिरवर हाजरा, मंटू हाजरा, राहुल कर्मकार आनंद महतो के साथ अन्य शामिल थे.

### राजभवन की स्वीकृति के बाद ही लेंगे निर्णय

वहीं पूरे मामले पर रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय के पास 37 स्वीकृत पद है. इससे ज्यादा का वेतन भुगतान करना तकनीकी रूप से गलत होगा. विश्वविद्यालय ने राजभवन से इस विषय में पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा है. क्योंकि विश्वविद्यालय के बड़े कैंपस में 37 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी से काम नहीं चलेगा. राजभवन से स्वीकृति मिलने पर सभी को वापस नौकरी पर रखने का निर्णय लिया जाएगा.

---

## धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन पर जल्द चलेंगी ट्रेनें, मिली मंजूरी

**कतरास।** लोगों की वर्षों पुरानी मांगों के आलोक में धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन पर डीसी ट्रेन का परिचालन की मंजूरी रेलवे बोर्ड ने दे दी है. जनवरी में डीसी ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा. उक्त जानकारी गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मंगलवार को शुभम संदेश को दी. सांसद ने कहा कि रेलवे बोर्ड ने डीसी ट्रेन चलाने की अनुमति दी है, लेकिन अभी तारीख की घोषणा नहीं हो सकी है. जो जल्द ही होगी. संभवतः जनवरी के दूसरे सप्ताह तक परिचालन शुरू कर दिया जाएगा. सांसद ने कहा कि डीसी ट्रेन के परिचालन की मांग लगातार कोयलांचल के लोग कर रहे थे. मुद्दे को लेकर वे तथा बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो रेल मंत्री सहित अफसरों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया. रेल मंत्री ने ट्रेनें चालू करने का आश्वासन दिया है.

---

पुल निर्माण साइट में माओवादियों का उत्पात

# मिक्सर मशीन जलायी

संवाददाता। महुआडांड़



माओवादियों के दस्ते ने सोमवार रात थाना क्षेत्र के गढ़बुढ़नी के चुटिया नदी पर किये जा रहे पुल निर्माण साइट में धावा बोल दिया. माओवादियों के दस्ते ने यहां कंस्ट्रक्शन कंपनी के कंक्रीट बूम प्रेशर मशीन को आग के हवाले कर दिया. मजदूरों के साथ भी मारपीट की. जानकारी मिलने पर थानेदार आशुतोष यादव सदल बल साथ मौके पर पहुंचे. हालांकि कंपनी को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ. बताया जाता है कि कंपनी के द्वारा काम समाप्त होने पर रात में वाहनों को सुरक्षित स्थान में ले जाया जाता है.

**मजदूरों को उठाया फिर साइट पर ले गये :** निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री और मजदूरों ने बताया कि सोमवार की देर शाम काम खत्म कर वे 12 लोग साइट के पास लगे डेरा में खाना खाने की तैयारी कर रहें थे. इसी दौरान पांच लोग वहां आये. इनमें से तीन के पास आधुनिक हथियार था. माओवादियों ने उन्हें वहां से उठाया और निर्माण साइट पर ले गये. उनके साथ मारपीट भी की. फिर निर्माण कार्य के मुंशी से मोबाइल पर बात की. कहा कि बिना आदेश के काम करोगों तो फौजी कारवाई की जायेगी. इसी दौरान सड़क से दो बाइक सवार गुजर रहें थे. उन्होने उन्हें रोका और उनकी बाइक से पेट्रोल निकाल कर वहां खडी कंक्रीट बूम प्रेशर मशीन को आग के हवाले कर दिया.

## ब्रीफ खबरें

### कर्मी की हुई मौत नियोजन पर सहमति

**निरसा।** ईसीएल मुगमा एकल क्षेत्र के चापापुर कोलियरी के 10 नंबर आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत समीर मंडल की मौत हृदय गति रुक जाने से हो गई. सूचना पाकर बेसीकेयू के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्र अध्यक्ष आगम राम, शाखा सचिव अमित मुखर्जी इत्यादि ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की. तत्पश्चात आउटसोर्सिंग प्रबंधन से वार्ता कर उनके पुत्र कौशिक मंडल को नियोजन पत्र दिया गया. साथ ही दाह संस्कार के लिए प्रबंधन ने 10 हजार की राशि प्रदान की.

### हर समस्या पर इस कोल इंडिया की नजर

धनबाद। कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता में चेयरमैन के साथ कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की बैठक आयोजित हुई. बैठक के दौरान आधा दर्जन से अधिक समस्या पर सीएमओएआई ने चेयरमैन के साथ बातचीत की. वहीं, सीआईएल के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कहा कोल अधिकारियों की सभी मांगों पर विचार-विमर्श करने के साथ-साथ जल्द ही उसका हल निकाला जाएगा. उन्होंने कहा कि सीआईएल के अधिकारी की हर समस्या पर इस कोल इंडिया की नजर है.

### वीर बाल दिवस पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**धनबाद।** जिला समाज कल्याण विभाग के सौजन्य व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप की देखरेख में तपोवन कॉलोनी स्थित बालिका गृह व भूदा स्थित ऑब्जर्वेशन होम में वीर बाल दिवस के अवसर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. बच्चों ने रंगारंग और आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. इस अवसर पर सीडब्लूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी, ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, जेजीबी सदस्य पूनम सिंह, बालिका गृह की अधीक्षक पूजा सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

### बेनगड़िया पब्लिक में हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**निरसा।** बेनगड़िया पब्लिक स्कूल में मंगलवार को संस्कृति दिवस मनाया गया. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अशोक मंडल शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. बच्चों ने एक से एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया. वार्षिक उत्सव आयोजन में स्कूल के डायरेक्टर सर्वानंद मरांडी , साधन चट्टोपाध्य , कैलाश प्रसाद महतो, नरेश मरांडी ,विजय महतो, इलियास अंसारी, मुनीर अहमद, कंचन बद्दोपद्ध्य, कार्तिक लोहार, कनिता मरांडी, निर्मला मिश्र आदि उपस्थित थे.

### गुरुनानक मिशन में मनाया वीर बाल दिवस

**मैथन।** चिरकुंडा क्षेत्र के सरसापहाड़ी स्थित गुरुनानक मिशन स्कूल प्रांगण में मंगलवार को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कीर्तन समागम एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. साथ ही स्कूल प्रांगण से कुमारधुबी बाजार स्थित गुरुद्वारा तक प्रभातफेरी निकाली गई. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है.

### नगर निगम का विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**धनबाद।** भारत सरकार के निर्देश पर धनबाद नगर निगम द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा-2023 का कार्यक्रम 27 दिसंबर को नगर निगम क्षेत्र में होगा. भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे. इसे सफल बनाने के लिए आमजनों में जागरूकता हेतु आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से यह संकल्प यात्रा एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में प्रारंभ किया गया है.

### छात्र संघ ने किया डीएसडब्ल्यू का घेराव

**धनबाद।** आजसू छात्र संघ के विवि अध्यक्ष विशाल महतो के नेतृत्व में बीएड के छात्रों ने डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी एवं कुलसचिव डॉ. कौशल कुमार का घेराव किया. विशाल ने बताया कि वर्ष 2020 के बाद उतीर्ण हुए बीएड के छात्रों को ओरिजनल डिग्री अभी तक नहीं मिली है. जिससे झारखंड कर्मचारी आयोग एवं बिहार लोक सेवा आयोग के अंतर्गत शिक्षक भर्ती में चयनित छात्र परेशानी में हैं. डीएसडब्ल्यू ने कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक से टेलीफॉनिक चर्चा की.

धनबाद में अपराध का ग्राफ काफी बढ़ा, सालभर होती रहीं कई घटनाएं, जो बनती रहीं सुर्खियां

# धनबाद 2023 : कहीं गोलियों, कहीं धमकियों का रहा खौफ

संवाददाता। धनबाद



2023 में धनबाद अशांत रहा है. कभी गोली बारी की घटना तो कभी छिनतई, लूट और चोरी की घटनाओं ने पुलिस प्रशासन के नाक में दम कर रखा है. शहरी थानों की बात करें तो ज्यादातर झरिया, बैंक मोड़ और सदर थाना और सरायढेला थाना क्षेत्र में घटनाएं अधिकतर घटी है.

**पुलिस के आंकड़े :** आंकड़े के अनुसार 2022 की तुलना में 2023 में अपराध की घटनाओं में पुनरावृत्ति हुई है. जनवरी 2023 के महीने में अगर देखा जाए तो झरिया और कतरास के तिलाटांड़ में 8 जनवरी की रात कोयला कारोबार सोनू सिंह को गोली मार दी गई. घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र तोपचांची के सब्जी बजार में 8 जनवरी की दोपहर विस्फोटक फटने से 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. 19 जनवरी को झरिया के श्रीनगर में वर्चस्व कायम करने की इरादे से दो गुटों के बीच झड़प हुई.

उसी रोत नल पर पानी लेने गई एक 60 वर्षीय महिला को गोली मार दी गई. 22 जनवरी को मनोज यादव नामक कोयला कारोबारी को बाइक सवार अपराधियों ने गोलियों से भून डाला. 2 फरवरी को रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह, 12 अप्रैल को बरवाअड्डा के जमीन कारोबारी राजकुमार साव, 3 मई को इकबाल के करीबी बबलू उर्फ ढोलू तथा 3 दिसंबर को धनबाद जेल के अंदर गैंगेस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई.

### व्यापारियों को मिलती रही धमकी

वहीं, लगातार व्यवसायी वर्ग के लोगों को धमकी मिलती रही, और कई पर गोली बारी भी हुई . जिससे शहर की शांति भंग हुई . जिसको लेकर व्यवसायियों ने प्रदर्शन भी किया .

### अवैध कोयला, बालू और पत्थर की चोरी

धनबाद कोयलांचल में अवैध खनन रोकने के लिए जिला खनन टास्क फोर्स की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है . खनन विभाग की टीम लगातार छापेमारी भी कर रही है . इसके बावजूद माफियाओं पर विभाग शिकंजा नहीं कस पा रहा है . जिले में कोयला, बालू व पत्थर का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है .

### चोरी और छिनतई की घटना ने भी किया अशांत

चोरी और छिनतई की घटनाओं ने भी लोगों को त्रस्त कर रखा है . आए दिन बंद घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है . दर्जनों से अधिक ऐसे घरों में चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया . वहीं, राह चलते राहगीरों को भी बाइक सवार अपराधियों ने निशाना बनाते हुए गहने जेवरात की छिनतई की घटना को अंजाम दिया है .

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- सामान्य ज्ञानब्लू बेबी सिंड्रोम किन लवणों के कारण होता है– नाइट्रेट
- पहाड़ों की मल्लिका किसे कहा जाता है – नेतरहाट
- समुद्री जल को किस प्रक्रिया से शुद्ध बनाया जाता है – आसवन
- किस सुल्तान ने नहरों का विकास किया – फीरोज तुगलक
- अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस कब मनाया जाता है – 29 जुलाई
- भारत में जूट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य – पश्चिम बंगाल
- सूर्य की ऊर्जा का मुख्य कारण क्या है – नाभिकीय संलयन
- रातापानी टाइगर रिजर्व किस राज्य में है – मध्य प्रदेश
- झारखंड में झारखंड धाम किस जिले में है – गिरिडीह
- ट्रेफलगार के युद्ध में नेपोलियन किस देश से हार गया था – इंग्लैंड

रंग-बिरंगे फूलों की पंखुड़ियां व हरियाली से भरा पार्क को देता है सुकून

# पत्थरों का सीना चीरकर बना ग्रीन पार्क, लोगों को लुभा रहा

राम कुमार पांडेय। कतरास



बीसीसीएल एरिया चार केशलपुर कोलियरी में पत्थरों का सीना चीर कर बनाया गया ग्रीन पार्क (पारसनाथ उद्यान) लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है. वर्ष 2015-16 में बीसीसीएल ने हरियाली और सौंदर्य से लबरेज पार्क का निर्माण करवाया था. करीब 60 से 70 फीट ओबी डंप में बना ग्रीन पार्क अब पारसनाथ उद्यान के नाम से इलाके में प्रसिद्ध है. यूं तो सुबह-शाम लोगों की यहां भीड़ लगी रहती है. शांत वातावरण में सुबह-शाम लोग यहां जॉगिंग तथा मेडिटेशन करने पहुंचते हैं. दिसंबर का महीना आते ही यह पार्क पिकनिक स्पॉट में तब्दील हो जाता है.

पार्क के अंदर बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले लगे हैं. जगह-जगह शेड व शौचालय की उत्तम व्यवस्था है. निचली सतह से ऊपरी छोर जाने तक के रास्ते में पेबर ब्लॉक के किनारे फूलों की पंखुड़ियां वाली पौधों की हरियाली पार्क की खूबसूरती में चार चांद लगाती है. पत्थरों में लगाए गए रंग-बिरंगे फूलों के पौधे व करीब पांच हजार से भी अधिक वृक्षों की हरियाली की खूबसूरती देखते ही बनती है. लंबे चौड़े क्षेत्र में खूबसूरती को समेटे पारसनाथ उद्यान पूरी तरह बीसीसीएल की ओर से संचालित है. पारसनाथ उद्यान सैलानियों के लिए निःशुल्क है. खदान के पानी को संग्रहित कर पारसनाथ उद्यान में बने तालाब का दृश्य मन को आनंदित करता है.

**खास बातें**

- शेड और शौचालय की है उत्तम व्यवस्था
- करीब पांच हजार से भी अधिक वृक्षों की फैली है हरियाली

### मौज-मस्ती आनंद साथ मिलती हैं कई जानकारियां

भगवान पार्श्वनाथ, शहीद चंद्रशेखर आजाद, तिलका मांझी सुभाष चंद्र बोस सहित देश के शहीदों की प्रतिमाएं लगाई गई हैं . प्रतिमा स्थल पर शहीदों की जीवनी तथा इतिहास के बारे में विस्तृत शिलापट्ट लगे हुए हैं . इसके साथ ही पारस उद्यान में लगे वृक्षों के औषधीय गुण से जुड़े बोर्ड जगह–जगह लगाएं गए हैं . साथ ही कबाड़ से जुगाड़ की अवधारणा के आधार पर खदान की स्क्रैप सामग्रियों का उपयोग करके पुष्प वाटिका का निर्माण किया गया है .

### कैसे पहुंचें ग्रीन पार्क (पारसनाथ उद्यान)




धनबाद जिला मुख्यालय से करीब 24 किलोमीटर दूर ग्रीन पार्क पारसनाथ उद्यान है . यहां पहुंचने के लिए आपको कतरास आना होगा . कतरास थाना चौक से पार्क की दूरी करीब तीन किलोमीटर है, थाना चौक से आप आसानी से टोटो भी ले सकते हैं . थाना चौक से निकल कर गुहीबांध रामकनाली ओपी होते हुए आप केशलपुर कोलियरी में स्थित ग्रीन पार्क पहुंच सकते हैं . तालाब में हंसों की आवाज लोगों को कर रही आकर्षित .

### एफसीआई सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा 25 बोरा छाई

**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी के सुरक्षाकर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की सुबह दामोदर नदी किनारे पड़े 25 बोरा अवैध छाई को पकड़ा और नदी में फेंक दिया. स्थानीय युवकों द्वारा लगातार इस छाई की चोरी की जाने की सूचना सुरक्षाकर्मियों को मिल रही थी. एफसीआईएल सिंदरी के द्वारा चालू अवस्था में दामोदर नदी के किनारे छाई का भंडारण किया जाता रहा था. 31 दिसंबर 2002 को एफसीआईएल सिंदरी खाद कारखाना बंद होने के लगभग 21 वर्षों बाद स्थानीय युवकों द्वारा इसे छानकर दामोदर नदी के रास्ते नाव से पश्चिम बंगाल के भट्टों में बेचा जा रहा था. बताया जाता है कि धनबाद जिला में जीरो टॉलरेंस के कारण अवैध कोयला पश्चिम बंगाल नहीं जाने से वहां के भट्टे बंद हो रहे थे.

## मुराईडीह में आधा दर्जन से अधिक अवैध मुहाने की भराई

संवाददाता। बरोरा



बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के एएमपी कोलियरी की मुराईडीह 4ए पेच ओल्ड खदान में मंगलवार को सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम, बरोरा पुलिस एवं प्रबंधकीय अधिकारी के नेतृत्व में आधा दर्जन अवैध खदान के मुहाने की भराई की गई.

मुहाने की भराई से पहले कोयला तस्करों की इसकी सूचना पहले से मिल गई थी, जिसको लेकर कोयला तस्करों ने सभी मुहाने के बाहर से लकड़ी के चौकठ लगाकर बंद कर दिया था. ताकि जब मुहाने की भराई हो तो वो बंद ना हो और फिर से मुहाना खोल कर कोयला चोरी हो सके. इधर मुहाने के अंदर लगभग 20 टन से अधिक कोयला छिपाकर रखा हुआ था, लेकिन पुलिस ने कोयला जब्त करने के बजाय मुहाने के अंदर ही ओबी डालकर दबा दिया.

मालूम हो कि कुछ दिन पहले भी प्रबंधन एवं सीआईएसफ द्वारा मुहानों की भराई की गई थी लेकिन कोयला तस्करों ने सेटिंग-गेटिंग कर फिर से मुहानों को खोलकर अवैध कोयले की कटाई शुरू कर दी. कुछ लोगों का कहना है कि प्रबंधन अवैध मुहानों की भराई में सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है.

## अवैध फैक्ट्री को हटाने की गुहार

संवाददाता। धनबाद



उपायुक्त वरुण रंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया. जनता दरबार में गोविंदपुर के बड़ा पिछड़ी पंचायत से आए ग्रामीणों ने बताया कि वहां सरकारी जमीन पर कब्जा करके किसी ने सोयाबीन बनाने की अवैध फैक्ट्री खोल रखी है. फैक्ट्री में दिन-रात काम होने से आसपास के ग्रामीण परेशान हैं. ग्रामीणों ने उपायुक्त से अवैध फैक्ट्री को हटाने की गुहार लगाई. जनता दरबार में आईटीआई कॉलेज के लेक्चरर ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें विगत 8 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है. उपायुक्त ने तत्काल आईटीआई के निदेशक से बात कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया. जनता दरबार में फर्जी बैंक अकाउंट खोलकर जमीन अधिग्रहण का मुआवजा लेने, मकान पर जबरन कब्जा करने, चिरकुंडा नगर परिषद में विवाह भवन का निर्माण करने, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में 30 लोगों को बिना सूचना काम से हटा देने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई. उपायुक्त ने सभी शिकायतों का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया.

**खास बातें**

- फैक्ट्री में दिन–रात काम होने से ग्रामीण परेशान
- सरकारी जमीन पर कब्जा करके लगा दी है फैक्ट्री

## मुझे बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है: प्रखंड अध्यक्ष



संवाददाता। महुदा

झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी ने मंगलवार को महुदा में पत्रकार वार्ता आयोजित कर कहा कि एक दैनिक अखबार में मेरे नाम से जो कोयला तस्करी का मामला दर्ज होने की खबर प्रकाशित की गई है, वह तथ्यविहिन और निराधार है. मेरे नाम के अलावा अजमुल अंसारी बहुत से नाम हो सकते हैं. परंतु अखबार में तस्वीर के साथ मुझे ही चिन्हित किया गया है. जो मेरे मान-सम्मान को आघात पहुंचा रहा है. अजमुल ने कहा कि खबर प्रकाशित होने के बाद मैंने भाटडीह ओपी प्रभारी से जानकारी ली है. प्रभारी ने बताया कि एफआईआर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष का कोई उल्लेख नहीं है. यह कोई दूसरा अजमुल अंसारी है, अनुसंधान किया जा रहा है.

### कल कांग्रेस मनायेगा स्थापना दिवस समारोह

**धनबाद।** कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में मंगलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया की 28 दिसंबर को स्थापना दिवस में वरिष्ठ एवं निष्ठावान कांग्रेसजनों को सम्मानित किया जाएगा. जिलाध्यक्ष ने कहा की उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस भविष्य निर्माण पर विचार गोष्ठी करेगी. जिलाध्यक्ष सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच अपने कार्यकाल में एक वर्ष का रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे. जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कार्यक्रम स्थापना दिवस समारोह विवाह भवन, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद नगर निगम के समीप होगा. इस अवसर पर धनबाद जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, योगेन्द्र सिंह योगी, रामकृपाल गोस्वामी आदि मौजूद थे.

## पंचायत सचिवालय में हुआ 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

संवाददाता। गोविंदपुर

प्रखंड का अंतिम ''सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम मंगलवार को कालाडाबर पंचायत सचिवालय में हुआ. शिविर को संबोधित करते हुए बीडीओ जहीर आलम एवं सीओ रामजी वर्मा ने कहा कि विगत 24 अक्टूबर से अब तक आयोजित शिविरों में ग्रामीणों ने जितने भी आवेदन दिए हैं, सभी पर कार्रवाई होगी.

जन समस्याओं का समाधान होगा. इसमें अबुआ आवास का आवेदन देने के लिए लोगों की भीड़ जुड़ गई. 300 से अधिक लोगों ने अबुआ आवास का आवेदन फॉर्म भरा. शिविर का उद्घाटन प्रमुख निर्मला सिंह, जिप सदस्य लक्ष्मी मुर्मू, 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर अंसारी, मुखिया सावित्री टुडू, पंसस सूरजमुनि हांसदा, डीएन सिंह, धरणीधर मंडल, मन्नू आलम, प्राण चंद्र सोरेन, रहमत अंसारी आदि ने किया. शिविर में दाखिल खारिज, आदि के सैकड़ो आवेदन आए. ग्रामीणों के बीच धोती, साड़ी, कंबल, पौधे, छात्राओ को साइकिल का चेक आदि बांटे गए. मौके पर एई अरुण कुमार, प्रकाश कुमार, जितेंद्र कुमार, विनोद मिश्रा, रामदेव राम, मुकेश सिंह, ओपेन टुडू, गुड्डू अंसारी, इब्राहिम अंसारी, दीपक महतो, उमेश महतो, मंटू मुर्मू आदि मौजूद थे.

### खरखरी में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम संपन्न

**मधुबन।** बाघमारा प्रखंड के खरखरी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया . सीओ रवि भूषन प्रसाद, मुखिया कुन्दन कुमार रजक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया . इस अवसर पर अबुआ आवास योजना, सिंचाई कुप, एजुकेशन ऋण, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, का स्टॉल लगाया गया है . इसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लाभुक उपस्थित हुए व अपनी समस्याएं बताई और आवेदन दिया . वहीं, शिविर के दौरान स्कूल के छात्र–छात्राओं में रिया कुमारी,प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुजाता कुमारी एवम् पिंटू कुमार यादव के बीच साइकिल खरीदने के लिए डेमो चेक का वितरण किया गया . साथ ही कंबल एवं धोती साड़ी वितरित किया गया . इस कार्यक्रम में मुख्य



रूप से उपस्थित बाघमारा सीओ अंचल अधिकारी रवि भूषण सिंह, ग्राम पंचायत खरखरी के मुखिया कुदंन रजक, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर तिवारी, बीईईओ अशोक कुमार पाल, बीपीओ : दीपक रवानी, समाजसेवी भीम रजक, उप मुखिया नजमा बीवी , आदि मौजूद थे .

सैलानी ध्यान दें तोपचांची झील की बाईं ओर ढोलकट्टा में रास्ते पर टूटी है पुलिया

## झील से पहले टूटी पुलिया के नीचे है खतरा

अक्षय चौबे। तोपचांची



नया साल करीब है. धनबाद से 35 किलोमीटर दूर तोपचांची झील पर पिकनिक मनाने के लिए सैलानियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है. दूर-दराज से परिवार के साथ लोग झील की खूबसूरती का आनंद लेने पहुंच रहे हैं. चारों ओर से पारसनाथ की पहाड़ियों से घिरी झील की सुंदरता देखते ही बनती है लेकिन झील की बाईं ओर ढोलकट्टा में रास्ते पर टूटी पुलिया इसकी खूबसूरती पर ग्रहण लगा रही है.

भारी वाहनों की आवाजाही से वर्षों पहले टूटी इस पुलिया का आज तक निर्माण नहीं हो पाया है. बाइक सवार पर्यटक इसी रास्ते से होकर झील का चक्कर लगाते हैं. पुलिया के नीचे बड़ा गड्ढा है. ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है. टूटी पुलिया के पास बैरिकेडिंग तक नहीं की गई है. तोपचांची झील घूमने आने वाले सैलानी अक्सर बाइक से पूरी झील का चक्कर लगाते हैं. टूटी पुलिया के पास कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है. फिलहाल, ब्रीज के आगे बाईं ओर एक लोहे का पिलर गाड़ा गया है, ताकि कोई भारी वाहन ब्रिज पर नहीं पहुंचने पाए. परंतु बाइक सवार जान जोखिम में डालकर बाइक को टूटी पुलिया के पास संकरे रास्ते से उतारकर झील तक पहुंचते हैं.

**खास बातें**

- चारों ओर से पारसनाथ की पहाड़ियों से घिरी है झील
- वर्षों पहले टूटी पुलिया का आज तक नहीं हो पाया निर्माण

## लिंक फेल रहने से मरीजों का इलाज रुका, लगी कतार




संवाददाता। धनबाद

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मरीजों को रजिस्ट्रेशन कराने में आये दिन परेशानी हो रही है. मंगलवार की सुबह ओपीडी में रजिस्ट्रेशन कराए मरीजों का इलाज किया गया लेकिन दोपहर बाद दूसरे पाली में रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ा. हुआ यूं कि दोपहर 3 बजे रजिस्ट्रेशन काउंटर खुलते ही लिंक फेल हो गया. मरीज लंबी कतार में लगे हुए थे. रजिस्ट्रेशन के लिए लिंक आने के इंतजार में एक घंटे तक मरीज कतार में लगे रहे लेकिन लिंक ठीक नहीं हो सका.

नोटरी पब्लिक गढ़वा
**शपथ पत्र**
मैं शम्भू प्रसाद गुप्ता पिता सीताराम साव, उम्र करीब 47 वर्ष निवासी ग्राम भौंरी, पो. गोदरमाना, थाना – रंका, जिला– गढ़वा, राज्य– झारखंड शपथ पूर्वक निम्नांकित बयान करता हूं कि :–
1. यह कि मेरा आधार कार्ड सं. 818944458339 में मेरा नाम शम्भू प्रसाद गुप्ता SHAMBHU PRASAD GUPTA अंकित है, जो सही एवं सत्य है।।
2. यह कि SHAMBHU PRASAD GUPTA एवं SHAMBHU PRASAD GUPTHA दोनों अंग्रेजी स्पेलिंग नाम मेरा ही है।।
3. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने दोनों अंग्रेजी स्पेलिंग नाम मेरा ही है। इसी के प्रमाण में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा, जो सही एवं सत्य है।
शपथ पत्र संख्या 12/26.12.23

## ब्रीफ खबरें

### बीजेपी नेता ने किया कंबल का वितरण

**गिरिडीह।** भाजपा नेता सुरेश साव ने मंगलवार को गिरिडीह विधानसभा के गपेय और बरमोरिया में बढ़ते ठंड को देखते हुए जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया. मौके पर सुरेश साव ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा की जनता को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं होगी, कोई भी छोटी-बड़ी जरूरत हो, आप सभी निःसंकोच मेरे पास आइये, सभी की मदद करूंगा. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प को सभी लोगों ने अपना समर्थन दिया है.

### मोबाईल रिपेयरिंग कोर्स का हुआ समापन

**तिसरी।** 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय तिसरी में चल रहे 20 दिवसीय मोबाईल रिपेयरिंग कॉर्स का मंगलवार को समारोह आयोजित कर समापन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहायक कमांडेंट मिथुन सरकार, खिजुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहन मरांडी और गुमगी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेश राउत उपस्थित थे. समापन समारोह में सभी प्रशिक्षुओं के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया गया.

### बैदाडीह के जंगल में मिला व्यक्ति का शव

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महेशमुण्डा बैदाडीह जंगल में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. शव जंगल में एक पानी से भरे गड्ढे के समीप पाया गया है. मृतक की पहचान गांडेय थाना क्षेत्र के हड़माडीह निवासी ढेंना मुर्मू के पुत्र हीरालाल मुर्मू (40 वर्ष) के रूप में हुई. बेंगाबाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है. बताया गया कि मृतक लगभग 7 वर्ष पूर्व अपना घर छोड़ कर अपने ससुराल चला गया था.

### अवैध महुआ शराब की हो रही है बिक्री

**बेंगाबाद।** थाना क्षेत्र के सोनबाद में अवैध महुआ शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. दर्जनाधिक घरों में अवैध रूप से महुआ का शराब बनाया जाता है और ग्राहकों को परोसा जाता है. जिससे गांव में अराजकता का माहौल उत्पन्न होने लगा है. पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चद्रकांत मंडल उर्फ डिस्को मंडल ने महुआ शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि शराब के अवैध धंधे के कारण पूरे गांव का माहौल बिगड़ रहा है.

### किसानों को तरबूज की खेती का दिया प्रशिक्षण

**कसमार।** प्रखंड के मुरहुलसुदी गांव में प्रदान संस्था जैनमोड़ एवं ग्रामीण हरित क्रांति महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा तकनीकी तौर पर पुनर्जीवी विधि से तरबूज की खेती करने का प्रशिक्षण मंगलवार को दिया गया. इस प्रशिक्षण में किसानों को बीज उपचार, जमीन का चयन, फसल की देखरेख, दवा का छिड़काव एवं बाजार की सुविधा के लिए एफपीसी के साथ मिलकर व्यपार को बढ़ाने एवं अन्य नगदी फसल लगाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया.

### डुमरी में पक्की नाली का हुआ शिलान्यास

**डुमरी।** जिप सदस्य के पहल पर 12 लाख की लागत से जिला योजना से बनने वाली जामतारा पंचायत के बढई टोला निवासी सुरेश अग्रवाल के घर से पुराने जीटी रोड तक पक्की नाली का शिलान्यास मंगलवार को जिप सदस्य सुनीता कुमारी, प्रमुख उषा देवी, मुखिया खेमलाल महतो, पंसस अखिलेश राणा के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया गया. जिप सदस्य ने कहा कि पंचायत चुनाव के समय में यहां के लोगों के द्वारा नाली निर्माण करने की मांग रखी थी.

### अध्यापक मोर्चा के सदस्य ने किया संकुलों का दौरा

**डुमरी।** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक गिरिडीह जिलाध्यक्ष सह सहायक अध्यापक मोर्चा के जिला सदस्य डीलचंद महतो ने मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न संकुलों का दौरा कर सहायक अध्यापकों से कहा कि झारखंड सरकार ने जो वादा किया था कि 3 महीने के अंदर वेतनमान देंगे लेकिन आज 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार ने घोषणा धरातल पर उतरने का काम नहीं किया. महतो ने प्रखंड का दौरा करके घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की.

---

मार्ग शीर्ष पूर्णिमा पर राधास्वामी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमा सपत्नी दुखिया महादेव मंदिर पहुंचे

# वृद्ध महिलाओं व जरूरतमंदों के बीच किया वस्त्र वितरण

**संवाददाता। गिरिडीह**

मार्ग शीर्ष (अगहन) पूर्णिमा के अवसर पर राधास्वामी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा मंगलवार को सपत्नी दुखिया महादेव मंदिर पहुंचें. इस दौरान उन्होंने बाबा का जलाभिषेक कर पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की. मौके पर उन्होंने बाबा के दरबार मे मत्था टेक गिरिडीह समेत पूरे झारखंड वासियों के साथ देश वासियों के सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना करते हुए देश मे अमन चैन और शांति की दुआएं मांगी. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सिन्हा ने संगठन की गिरिडीह जिला प्रभारी



अनीशा सिन्हा के साथ मंदिर परिसर में रह कर जीवन यापन कर रही वृद्ध महिलाओं और जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया. मौके पर सिन्हा ने बताया कि राधास्वामी संगठन निरंतर क्षेत्र के जरूरतमंदों की हर जरूरत को पूर्ण करने में उनका सहयोग कर रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा.

भारत का कोई भी व्यक्ति गरीबी के कारण अपने दैनिक जीवन की जरूरतों को पूर्ण करने में असहाय न रहे, संगठन इसी उद्देश्य को लेकर पूरे भारत में कार्य कर रहे हैं. एक उद्देश्य को पूर्ण करने की दिशा में अग्रसर हैं. कहा कि संगठन हमेशा ऐसे लोगों के सहयोग के लिए तत्पर है. वहीं इस मौके पर संगठन की जिला प्रभारी अनीशा सिन्हा ने कहा संगठन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए कोई भी व्यक्ति राधास्वामी संगठन के नजदीकी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं और अपने जरूरत अनुसार लाभ उठा सकते हैं. इस दौरान उनके साथ गिरिडीह जिला कार्यालय प्रभारी अमित कुमार समेत अन्य कई श्रद्धालु उपस्थित थे.

**बांटे कपड़े**

- संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बाबा के दरबार में मत्था टेका
- मुकेश ने देश वासियों के लिए खुशहाली की कामना की

---

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- रासायनिक रूप से इंसुलेट क्या होता है – प्रोटीन
- मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई थी – 1906
- लैंबर्ट नियम किस से जुड़ा हुआ है – प्रदीप्ति
- हॉर्नबिल महोत्सव हर साल कहां मनाया जाता है – नागालैंड
- 40वां तटरक्षक कमांडरों का सम्मेलन कहां हुआ – नयी दिल्ली
- झारखंड के पहले मुख्यमंत्री कौन थे – बाबूलाल मरांडी
- बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था – सारनाथ
- आयरन मैन ऑफ़ इंडिया किसे कहते हैं – सरदार वल्लभभाई पटेल
- मस्तिष्क के कितने हिस्से में फैट होता है – 60%
- जैन धर्म के प्राचीन आगम ग्रंथों की भाषा थी – प्राकृत

---

शिविर में 60 लाख का चेक विधायक के हाथों वितरित किया गया

# आवेदनों के निष्पादन में गंभीरता दिखाएं अधिकारी : डॉ सरफराज

**संवाददाता। बेंगाबाद**

'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतिम दिन बेंगाबाद के भलकुद्दर पंचायत में आयोजित शिविर में गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा दिये गए आवेदन को अधिकारी गंभीरता से लें. शिविर में जितने भी आवेदन ऑनलाइन हुए हैं उसके निष्पादन के प्रति अधिकारी एवं कर्मी गंभीरता पूर्वक काम करें. ताकि आम जनता को सरकार की इस कार्यक्रम का लाभ मिल सके. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का बहुत ही अच्छा परिणाम देखने को मिला है. भारी संख्या में शिविर में में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपना आवेदन दिया. जिनमें से त्वरित निष्पादन योग्य आवेदनों पर ऑन द स्पॉट कार्रवाई हुई है.

**असहाय लोगों के कल्याण की दिशा में काम हो रहा :** विधायक ने कहा राज्य सरकार सूबे के गरीब असहाय लोगों के कल्याण की दिशा में काम कर रही है. कार्यक्रम में कई कल्याणकारी योजनाओं को शामिल कर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है. कहा राज्य सरकार बच्चियों की पढ़ाई आर्थिक कमजोरी के कारण बाधित नहीं हो इसके लिए योजना चला रही है. इस योजना के तहत एक परिवार की चार बच्चियों को लाभ दिया जा रहा है. ताकि बच्चियां पढ़ लिख कर समाज में अपना स्थान स्थापित कर सकें. वहीं, छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिये सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना लाया है. इस योजना का लाभ लेकर छात्र- छात्राएं अपना भविष्य गढ़ सकते हैं. मौके पर विधायक के कहा राज्य के हर बुजुर्ग, विधवा, विकलांग के लिए पेंशन की व्यवस्था की गई है. इसके अलावे अबुआ आवास समेत कई कल्याणकारी योजनाएं हैं जिनका लाभ लोगों तक पहुंचाया जाना है.

शिविर में जेएसएलपीएस के माध्यम से 11 समूह की दीदियों के बीच 60 लाख का चेक विधायक के हाथों वितरित किया गया. जबकि कई स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए दिए गए राशि का डमी चेक बांटा गया. शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी हुई थी.



### 'सरकार आपके द्वार' शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लाभुक

**गावां।** 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गावां प्रखंड के जमडार पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. पंचायत स्तरीय शिविरों के माध्यम से सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर उन्हें अच्छादित किया जा रहा. पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने गावां प्रखंड के जमडार में आयोजित शिविर में शामिल होकर विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया. साथ ही योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी सुयोग्य व्यक्तियों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य यही है कि सभी छूटे हुए लाभुकों के घर तक पहुंचकर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करना है.



---

### सैलानियों से गुलजार हुआ तीर्थ स्थल मधुबन

**पीरटांड़।** जैनियों के विश्व प्रशिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन में सैलानियों का आगमन प्रारंभ हो गया है. जिससे संस्थाओं के कर्मचारियों के साथ-साथ डोली, गोदी ढोने वाले मजदूर, वाहन चालक, के अलावा मधुबन बाजार के दुकानदारों मे खुशी का माहौल देखा जा रहा है. यात्रियों के आगमन से मधुबन बाजार सहित पूरा पारसनाथ पर्वत गुलजार हो गया है. सैलानियों से आमद बढ़ने से मधुबन के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है. कारोबारियों को उम्मीद है कि नए साल तक यह सिलसिला जारी रहेगा. बड़ा दिन के छुटी होने के बाद पूरे राज्य भर के स्कूली छात्रों एवं अन्य सैलानियों का आना मधुबन में प्रारंभ हो गया है. सैलानियों के आगमन को देखते हुए पारसनाथ मेला समिति द्वारा फुटबॉल मैदान के आसपास पार्किंग की व्यवस्था की गई है, साथ ही प्रशासन द्वारा पूरे मधुबन बाजार में वन-वे कर दिया गया है.

---

# अनाज की लूट करने वाले को मिले सजा: राजेश सिन्हा



**संवाददाता। गिरिडीह**

भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने मंगलवार को जिले भर में हो रही अनाज लूट मामले को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया. आवेदन में यह भी जिक्र किया गया है कि टेंडर के लिए कागज पर टेंडर धारी दो सगे भाइयों के पिता का अलग-अलग नाम कैसे हो सकता है. साथ ही साथ 26 करोड़ का अनाज आखिर किसके कार्यकाल में चोरी हुई. उन्होंने कहा कि लूटा गया अनाज आम आदमी व गरीब आदमी का निवाला था. भाकपा माले आंदोलन के जरिए मामले को जन-जन तक पहुंचाएगा. सिन्हा ने कहा कि माले के बगोदर विधायक विनोद सिंह ने तीन-चार महीने पहले चावल लूट के डिटेल्स दिए थे. जिसकी आज तक जांच जारी है. उन्होंने कहा कि आगे भी लगातार लूट पर अंकुश लगाने का काम माले करता रहेगा.

---

# विष्णु बने विजेता, अमन और सर्वेश उपविजेता

**संवाददाता। बोकारो**



जिला चेस एसोसिएशन व चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो की ओर से सेक्टर 5 स्थित बोकारो क्लब के बैडमिंटन हॉल में दो दिवसीय बोकारो जिला ओपन शतरंज प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हुआ. उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण की पत्नी नीना नारायण, विशिष्ट अतिथि झारखंड साइंटिफिक के संचालक जनक नंदिनी, किशोर सिन्हा ने किया. प्रतियोगिता में बच्चे पूरी तरह से एकाग्रचित होकर विरोधी खिलाड़ी को मात देने के लिए चाल सोचते नजर आए. कोई सामने वाले के हाथी, घोड़े पस्त करने के लिए चाल सोचता नजर आया तो कोई अपने राजा, मंत्री को बचाने के लिए जद्दोजहद करता नजर आया. इस प्रतियोगिता में विष्णु कुमार महतो विजेता बने. उपविजेता अमन सुहेला व सर्वेश देव रहे. अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया. संचालन सूर्य कुमार सिन्हा ने किया. धन्यवाद ज्ञापन श्याम सुंदर कर ने किया. मौके पर बीपीसीएल के सहायक प्रबंधक संजय सिन्हा, बोकारो समिति कला अकादमी के प्रशासक अरुण कुमार सिन्हा, चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो के महासचिव भईया प्रीतम, उपाध्यक्ष राज श्रीवास्तव, विनोद कुमार साव, रत्ना श्री, अनिल कुमार, राजेश, अंकित कुमार सिंह, अंकुश कुमार सिंह आदि मौजूद थे.

---

# अक्षत कलश की गाजे-बाजे के साथ कराई गई परिक्रमा



**संवाददाता। गावां**

राम जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बादीडीह में गाजे-बाजे के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली गई. मंगलवार की सुबह हनुमान मंदिर बादीडीह से गावां हनुमान मंदिर कलश अक्षत लेने बैंड-बाजे के साथ पहुंचे. परिक्रमा से पूर्व अक्षत कलश की वैदिक मंत्र उच्चारण और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई. इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कलश यात्रा में शामिल हुए. अक्षत कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत, सत्कार और आतिशबाजी की गई. बादीडीह स्थित हनुमान मंदिर में महा आरती का आयोजन कर भगवान राम के जयकारे लगाए गए. मौके पर कॉंग्रेस यादव, संदीप यादव, लक्ष्मण विश्वकर्मा, संतोष तुरी, टिकन सिंह, बासदेव यादव, अभिषेक मण्डल, सुरेश मण्डल, दिलीप सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

### गुरु गोविंद सिंह का बलिदान अतुल्य : निर्भय

**गिरिडीह।** गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत बनियाडीह स्थित गांधीनगर दलित बस्ती में गिरिडीह विधानसभा के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी पहुंचे और यहां वीर बालक दिवस के कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच पाठ्य सामाग्री ,टॉफी बिस्किट आदि का वितरण किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाहबादी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी का बलिदान देश के इतिहास में एक अलग स्थान रखता है, अतुल्य, लेकिन बड़े ही दुख की बात है कि उनके त्याग ,उनके बलिदान को इतने वर्षों के बाद भी ज्यादातर लोग नहीं जान पाए. कहा की सिक्ख समाज का यह बलिदान सनातन धर्म की रक्षा के लिए हुआ जो हमसभी के लिए सदैव प्रेरणदायी रहेगा. पूरा देश उनके इस त्याग और सर्वस्व बलिदान के प्रति सदा कृतज्ञ और ऋणी रहेगा. पूर्व विधायक ने उपस्थित बुजुर्ग महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया.

---

# फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ शुरू, 30 को होगा फाइनल

**संवाददाता। बेरमो**

गोमिया प्रखंड के होसिर फुटबॉल मैदान में आयोजित रोड सेफ्टी पांच दिवसीय ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी सूरजलाल सिंह ने फुटबॉल में किक मारकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. इस पांच दिवसीय ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच प्रिया बगान पिठौरिया व बोकारो एफसी बीटीपीएस के बीच खेला गया. इसमें काफी संघर्षपूर्ण मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट द्वारा प्रिया बगान पिठौरिया की टीम एक गोल से विजयी रही. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सूरजलाल सिंह ने कहा कि रोड सेफ्टी के प्रचार प्रसार के लिए यह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है और लोगों व वाहन चालकों को रोड सेफ्टी के तहत हीं चलना चाहिए. वहीं रोड सेफ्टी का हर हाल में पालन करना चाहिए. इसी प्रकार खेल से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा भी निखारने का मौका मिलता है.इस टूर्नामेंट में क्षेत्र के दर्जनों टीमें हिस्सा ले रही है और टूर्नामेंट का फाइनल मैच 30 दिसंबर को खेला जाएगा.

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह होंगे. मौके पर मुखिया सावित्री देवी, पंसस गीता देवी,उप मुखिया पंकज जैन, पूर्व मुखिया घनश्याम राम, पूर्व मुखिया रामलखन प्रसाद, अजित कुमार सहाय, भगवान दास, टुलु सिंह, प्रवीण कुमार, मितभाषी प्रसाद, अशोक पाठक, दिनेश्वर राम, द्वारिका प्रसाद, अभिषेक प्रसाद, ललित प्रसाद, धीरज कुमार,प्रमोद प्रसाद, अजय प्रसाद, बिरजू राम, चंदन प्रसाद,शुभम कुमार, कुंदन कुमार आदि उपस्थित थे.



**खिलाड़ी तैयार**

- टूर्नामेंट का उद्घाटन सूरजलाल सिंह ने किया
- पहले मैच में प्रिया बगान की टीम ने जीत हासिल की

---

**ट्रेनिंग** चुनाव कार्य से जुड़े पदाधिकारियों और कर्मियों का छह दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुरू

# मास्टर ट्रेनर को दिया गया इलेक्टरल रोल व स्वीप का प्रशिक्षण

**संवाददाता। बोकारो**

लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी बोकारो जिला प्रशासन ने तैयारी प्रारंभ कर दी है. मंगलवार को चुनाव कार्य से जुड़े संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों का छह दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हो गया. प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायती राज कार्यालय सभागार एवं जिला परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया. प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों व सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ, सीओ, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने क्रमशः निर्वाचन संबंधित दायित्वों, इलेक्टरल रोल (मतदाता सूची) एवं सुव्यवस्थित







मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) का प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है.

निर्वाचन कार्य में सभी की महत्ती भूमिका है, सभी अपने निर्वाचन दायित्वों का सही से अनुपालन करें. पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का पद निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण पद है. इस दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्वों को पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया. जिला परिषद सभागार में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार ने ईलेक्टरल रोल एवं एईआरओ, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) का प्रशिक्षण दिया.

**मिली ट्रेनिंग**

- प्रशिक्षण का आयोजन कार्यालय के सभागार में हुई
- निर्वाचन कार्य में सभी की महती भूमिका है

---

# गावां के दो युवकों का बिहार में शिक्षक पद पर हुआ चयन

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

प्रखंड के दो युवकों ने बिहार में शिक्षक परीक्षा में सफलता पायी है. इस संबंध में बता दें कि गावां प्रखंड की बिरने पंचायत की पंचायत समिति सदस्य वीणा देवी के छोटे पुत्र रजलू कुमार व मंझने पंचायत के निवासी सिकंदर यादव सहायक शिक्षक के पुत्र सुधाकर कुमार का चयन शिक्षक परीक्षा में बिहार में हुआ है. इन दोनों युवकों के चयन के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है. बधाई देने वालों में भाकपा माले नेता नागेश्वर यादव, बिरने मुखिया चंदन यादव, मंझने मुखिया रूपाश्री सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों व लोग शामिल हैं. बता दें कि सुधाकर कुमार जेपीएससी परीक्षा में मेंस व पीटी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे. अंतिम समय में मेरिट लिस्ट में उनका नाम नहीं आया था. इस बार परीक्षा में सफलता मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल है.



केंद्र की मोदी सरकार ने सेना में सुधार और रोजगार बढ़ाने के लिए 14 जून 2022 को अग्निपथ योजना लॉन्च की थी. सेना में शामिल होने वाले जवानों को इस योजना के तहत अग्निवीर नाम दिया गया. इसमें युवाओं को संविदा पर चार साल के लिए भारत सरकार द्वारा तीन सेवाओं यानी थल सेना, जल सेना और वायु सेना में भर्ती की गई. इसमें चार साल बाद 75 प्रतिशत जवानों को तय राशि के साथ सेवा से अलग कर देने का प्रावधान है. जब इस योजना की घोषणा हुई थी तभी विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया था. वहीं देश के कई राज्यों में युवाओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया था. बाद में मामला शांत हो गया. लेकिन हाल ही में सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी आत्मकथा ''फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी'' किताब में इस बारे में लिखकर मामले को फिर से बहस में ला दिया है. उसमें लिखा गया है कि अग्निवीर योजना का प्रस्ताव भारत की तीनों सेनाओं पर थोपा गया था. इस योजना का प्रस्ताव सेना की ओर से नहीं आया था, बल्कि केंद्र सरकार ने इसे लागू करने के लिए सेना को बाध्य किया था. अग्निवीर यानी अग्निपथ योजना, वायु और नौसेना के लिए किसी आघात से कम नहीं था. अग्निपथ योजना को लागू करते वक्त जो आशंकाएं जाहिर की गई थीं, वे सच साबित होती हुईं सामने आ गईं. हालांकि युवाओं की भर्ती इस योजना के तहत जारी है. एक शहर से दूसरे शहर में भर्ती रैलियां आयोजित हो रही हैं और अग्निवीर भी तैयार हो रहे हैं. वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए शुभम संदेश ने इस मुद्दे को उठाया और लोगों से बातचीत कर तैयार की अग्निवीर पर एक रिपोर्ट...



# विवाद की नहीं दरकार अग्निवीर हो रहे तैयार




## जमशेदपुर



**भारतीय सेनाओं में भर्ती को लेकर भारत सरकार एक योजना लेकर आई है जिसका नाम है अग्निपथ योजना. इस योजना के द्वारा सेना में भर्ती होने का पूरा प्रारूप ही बदल गया है. कई लोगों को इसे लेकर कई तरह की शंका और संदेह है तो कई इसे ऐतिहासिक कदम मान रहे हैं. इसे लेकर युवाओं ने अपनी-अपनी राय दी है.**

### अग्निपथ योजना के लिअ अब उतनी दिलचस्पी नहीं दिखा पा रहे हैं देश के युवा : अजीत शर्मा

बागबेड़ा आनंद नगर गुलाबबाड़ी के अजीत शर्मा ने बताया कि युवाओं को सेना में जाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है. रात दिन एक कर युवा तैयारी करते हैं और अग्निवीर योजना के तहत उनका चयन होता भी है तो जिन सुविधाओं की वे अपेक्षा करते है उन्हें वो नहीं मिल पाता है. इसलिए अब युवा इसमें जाने के लिए ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं. अग्निवीरों को शुरुआती साल में 30 हजार रुपये प्रति महीना मिलता है, जो काफी कम है. इतने वेतन में घर चलाना भी मुश्किल है. इससे तो अच्छा है कि वो कुछ और काम करे.

### सेना में पूरी उम्र करना चाहता था सेवा, लेकिन अब मेरा विचार बदल गया है : धीरज कुमार

बागबेड़ा कालोनी के धीरज कुमार के अनुसार वह पिछले साल पहले तक सेना में जाने के काफी तत्पर था. शारीरिक मेहनत के साथ-साथ सेना में भर्ती के लिए वह हर तरह की तैयारी में जुटा था. लेकिन अग्निपथ योजना आने के बाद उसका मनोबल टूट गया और उसने सेना में जाने का विचार छोड़ दिया. उसकी इच्छा थी कि वह भी सेना में जाए और पूरी उम्र देश की सेवा करे पर चार साल तक की समय सीमा तय किये जाने के बाद उसने सेना में जाने का विचार त्याग दिया है. अब दूसरी तरफ प्रयास तेज करुंगा.

### आधी-अधूरी ट्रेनिंग से नहीं ले सकते ये अग्निवीर दुश्मनों से लोहा, अब सोचना होगा : सूरज शर्मा

हरहरगुट्टू के सूरज शर्मा का मानना है कि सरकार की यह अग्निवीर योजना युवाओं के लिए फायदेमंद नहीं है. वायु सेना, नौ सेना और थल सेना में जाने का सपना युवाओं का अधूरा रह गया है. मात्र चार साल के लिए बहाल करना कहीं से भी उचित नहीं है. इस अवधि में युवा ट्रेनिंग भी ठीक से नहीं कर पाएंगे तो वे दुश्मनों से कैसे लड़ सकते है. आधी-अधूरी ट्रेनिंग के साथ देशहित में किसी ऑपरेशन में खरे नहीं उतर पाएंगे. आगे और मुश्किल होगा.

### देशहित और युवकों के भविष्य के लिए सही नहीं अग्निपथ योजना, करे विचार : राहुल यादव

किताडीह के राहुल यादव ने बताया कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना देशहित में और युवकों के हक में सही नहीं है. काफी प्रयास के बाद मात्र चार वर्ष के लिए देश सेवा करने का मौका मिलेगा जो युवाओं के भविष्य के लिए ठीक नहीं है. अगर कोई अग्निवीर ड्यूटी के दौरान शहीद हो जाता है तो उन्हें उचित लाभ मिलेगा या नहीं इस पर भी संशय है. चार वर्ष की सेवा के पश्चात मात्र 25 प्रतिशत अग्निवीरों को उनकी कौशलता के आधार पर स्थाई किया जाएगा, यह निर्णय भी सही नहीं लगता.

## गिरिडीह

### शुरुआत में काफी उत्साह था, अब युवाओं के जोश में काफी कमी आई है: अभय कुमार

गांडेय प्रखंड के युवा अभय कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अग्निवीर योजना लाया गया था. उस वक्त युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा था. युवाओं ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी थी. लेकिन सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद ने अपनी आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टनी में लिखा है कि अग्निवीर यानी अग्निपथ योजना का प्रस्ताव भारत की तीनों सेनाओं पर थोपा गया था. यह तो चर्चा का विषय है. हालांक इसके बाद से युवाओं के जोश में कमी आ गई है. उन्होंने कहा कि कम समय में ट्रेनिंग होने से तैयार सैनिक कमजोर होंगे. यह देशहित में नहीं होगा. इसलिए इस पर गंभीरतापूर्वक सोचना चाहिए.

### अग्निवीर योजना पर केंद्र सरकार फिर से विचार करे: विशाल सिन्हा

डुमरी प्रखंड के युवा विशाल सिन्हा ने कहा कि अग्निवीर योजना पर केंद्र सरकार को एक बार फिर से विचार करना चाहिए. वर्तमान समय में लाई गई अग्निवीर योजना से युवाओं और देश को बहुत ज्यादा लाभ नहीं मिल सकता है. इतने कम ड्यूटी और ट्रेनिंग से कोई परिपक्व नहीं हो सकता है. देश के लिए जान की बाजी लगाने वाले को प्रति महीना केवल तीस हजार रुपए दिया जाना भी उचित प्रतीत नहीं होता है. उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद की आत्मकथा आने के बाद से युवाओं का उत्साह काफी कम हो गया है.

### केंद्र सरकार द्वारा लाई गई अग्निवीर योजना युवाओं के लिए सिर्फ छलावा है: प्रभात रंजन

युवा प्रभात रंजन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया अग्निवीर योजना महज एक छलावा है. इससे युवा पीढ़ी को कोई खास लाभ नहीं मिलने वाला है. सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद की आत्मकथा के आने के बाद से अग्निवीर योजना से युवाओं का मोह भंग हो गया है. केवल चार वर्षों की नियुक्ति होने पर सैनिकों को पूरा प्रशिक्षण भी नहीं मिल सकेगा. इससे उन्हें ड्यूटी करने में भी परेशानी होगी और वे देश को बेहतर सेवा भी नहीं दे पाएंगे. इसलिए यह ठीक नहीं है.

### केंद्र की अग्निवीर योजना युवाओं के लिए उचित कदम नहीं कहा जा सकता है: शिवम कुमार

सेना की भर्ती की तैयारी में लगे युवा शिवम कुमार ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के लिए उचित नहीं है. इतने कम समय में युवाओं को अच्छा प्रशिक्षण भी नहीं मिल सकेगा. देश की सेवा और देश की सुरक्षा का दायित्व अग्निवीरों के कंधे पर होगी. ऐसे में दुश्मन से मुकाबले के लिए पूर्ण ट्रेंड होना बहुत ही जरूरी है. आधे अधूरे प्रशिक्षण से देश और सीमा की सुरक्षा के लिए युवा पूर्ण रूपेण तैयार नहीं हो सकेंगे. इन सभी बिंदुओं पर पुनर्विचार करते हुए केंद्र सरकार अग्निवीर की योजना में फिर से निर्णय ले. उसे सुधार कर फिर से लागू करे.

### सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद की लिखी आत्मकथा बिल्कुल ही सही है : पप्पू कुमार

युवा पप्पू कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद द्वारा आत्मकथा में लिखी गई बातें बिल्कुल सही हैं. केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना युवाओं और देश के हित में सही कदम नहीं कहा जा सकता है. देश की सुरक्षा के लिए पूर्ण प्रशिक्षित सैनिकों की जरूरत है. उन्होंने कहा कि मनोज मुकुंद के अनुसार अग्निवीर योजना को केंद्र सरकार द्वारा तीनों सेनाओं को सौंपा गया था. जिसमें कुछ रिटायर अधिकारियों को लेकर इस पर रिपोर्ट तैयार किया गया और लागू कर दिया गया. इसलिए तब इसका काफी विरोध हुआ था. विपक्षी दलों ने भी इसका पूरा विरोध किया था. लेकिन कुछ भी नहीं हुआ. इसलिए केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना वायु, थल और नौसेना के लिए घातक है. इस पर केंद्र सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए.

## धनबाद

### अग्निवीर योजना में देशभक्ति का जज्बा पैदा होने की काफी कम संभावना है : संतोष महतो

युवा संतोष महतो ने कहा कि इस योजना के तहत अग्निवीरों को मात्र 6 माह की ट्रेनिंग देनी है, इसके बाद वह साढे तीन साल की नौकरी करेंगे. इतने कम समय में अग्निवीरों में एक देशभक्त फौजी होने का जज्बा पैदा होगा. इसकी कम संभावनाएं हैं. कम समय सेना में बिताने की वजह से इन सैनिकों में परिपक्वता नहीं आएगी. किसी बड़े अभियान के दौरान निर्णय लेने में भी परेशानी आएगी. इससे कैजुअल्टी बढ़ेगी. वर्ष 2020 में योजना लागू होने के समय भी इसका हर स्तर पर विरोध हुआ था. सरकार को योजना में परिवर्तन करना चाहिए जिससे कि युवाओं को इस क्षेत्र में रोजगार के स्थाई अवसर दिखे.

### अग्निवीरों की अल्प अवधि की ट्रेनिंग देश की सुरक्षा पर खतरा को और बढ़ाएगी : अजित महतो

युवा अजित महतो ने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत सेवा ज्वाइन करने वाले फौजियों को शहीद का दर्जा नहीं देने की सूचनाएं मिल रही हैं. इससे युवाओं के बीच गलत संदेश जाएगा. पहले ही इस योजना को लेकर युवाओं के भीतर नकारात्मकता भरी हुई है. वहीं दूसरी ओर छोटी अवधि की ट्रेनिंग देश की सुरक्षा पर खतरा बढ़ाएगी. आधी-अधूरी ट्रेनिंग से देश की रक्षा के लिए तैयार हुए जवान असामयिक हमले को कैसे झेलेंगे, इस पर भी सवाल है. बड़े ऑपरेशन के समय कम कुशल अग्निवीर बोझ की तरह हो जाएंगे. सरकार युवाओं और देशहित दोनों को आधार बनाकर उचित बदलाव करे.

### अग्निवीरों के लिए नौकरी में स्थायित्व नहीं है बाद में परिवार का क्या होगा : मनोज महतो

युवा मनोज महतो ने कहा कि अग्निवीर चार साल नौकरी करेंगे. सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सेवा निधि पैकेज के रूप ने लगभग 11 लाख रुपये मिलेंगे. अधिकतम 25 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होने के बाद जब अग्निवीर अपना परिवार बसाएंगे तो उनके पास पैसे तो होंगे लेकिन नौकरी नहीं होगी. सेवानिवृत्ति के पैसे से परिवार का भरण पोषण कितने दिन होगा. यदि अग्निवीर इस पैसे से बिजनेस शुरू करते हैं तो नुकसान की स्थिति में वे सड़क पर आ जाएंगे. युवा उम्र में देशसेवा करने का परिणाम बुढ़ापे में भुखमरी के रूप में मिलेगा.

### इसमें गलत नहीं है, जो सक्षम और फिट होगा उनको आगे मिलेगा एक्सटेंशन : रोहित कुमार

युवा रोहित कुमार ने कहा कि सेना में रहना है तो फौजी को सक्षम और फिट होना जरूरी है. पहले फौज में गए युवाओं की अक्षमता साबित होने के बाद भी पूरी अवधि तक नौकरी में रखना मजबूरी होती थी. लेकिन इस योजना के तहत सबसे सक्षम और फिट अग्निवीर को 15 साल तक नौकरी करने का अवसर मिलता है. इसलिए अग्निवीर को अपनी दक्षता साबित करते रहें. शुरुआत में भले ही ट्रेनिंग की अवधि कम है लेकिन समय-समय पर ट्रेनिंग मिलती रहेगी. जिससे अग्निवीर पहले की अपेक्षा दक्ष होते जाएंगे. इससे उन्हें निकलने के बाद भी लाभ होगा.

### कम वेतन, कम समय की नौकरी और अपने भविष्य को लेकर संशय में युवा : टुनटुन महतो

युवा टुनटुन महतो ने कहा कि अग्निवीर योजना का शुरू से विरोध हो रहा है. लागू होने के पहले पूरे देश में युवाओं ने नाराजगी जताई थी. इस योजना में खामियां ही खामियां है. सरकार के द्वारा युवाओं पर जबर्दस्ती थोपा गया है. मात्र चार वर्ष की सेवा के बाद जब युवा 25 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होगा तो एक बार फिर उसे रोजगार तलाशना होगा. प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी होगी. नौकरी मिलने में एक दो वर्ष लग गए तो सेवा निधि में मिले पैसे भी खत्म होने की कगार पर पहुँच जाएंगे. ऐसे में कम वेतन और कम समय की नौकरी की वजह से युवा भविष्य को लेकर भी संशय में हैं.

## रांची

### केंद्र की अग्निवीर योजना तो भारतीय सैन्य सेवा के आधुनिकीकरण के लिए बनाई गई है: विजय कुमार

छात्र विजय कुमार नंद ने कहा कि अग्निवीर योजना बेहद ही सफल, शक्तिशाली और भारतीय सैन्य सेवा के आधुनिकीकरण के लिए बनाई गई है. आज से कुछ समय पहले मोदी सरकार ने इसे शुरू किया. जो ठीक है. इसके लिए देश के प्रधानमंत्री का बहुत आभार है. जिन्होंने बुक लिखा है वो किस आधार पर कह रहे हैं. उन्हें मै नहीं जानता हूं. इसलिए इस योजना को बढ़ाना चाहिए. इससे युवाओं को लाभ मिलेगा.

### भारतीय सेना के आधुनिकीकरण में अग्निपथ योजना मील का पत्थर साबित होगी: अमित गुप्ता

अमित गुप्ता ने कहा कि देश की तमाम सीमाओं पर आजकल दो पड़ोसी देशों द्वारा कुछ ना कुछ घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है. जिस प्रकार की गंदी सोच के साथ हमारे पड़ोसी देश काम कर रहे हैं, वह घाकत हो सकता है. इससे बचने के लिए भारतीय सेना के आधुनिकीकरण में अग्निवीर योजना मील का पत्थर साबित होगी. क्योंकि इससे भारतीय सेना का आधुनिकीकरण तो होगा ही साथ ही साथ इसमें अत्यधिक लोग अपनी सेवा समर्पित कर पाएंगे. इसलिए यह बेहतर योजना है. इसमें कहीं दिक्कत नहीं है. जो है उसे सरकार ने पहले ही दूर कर लिया है. इसलिए यह पूरी तरह से ठीक है.

### इसमें 4 साल की नौकरी होगी, जिसमें ज्यादा से ज्यादा युवाओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा: रेयान गुप्ता

छात्र रेयान गुप्ता ने कहा कि अग्निवीर योजना में हम सभी जानते हैं कि सेवा में ड्यूटी सेवा की तरह होता है. वहां पर नौकरी नहीं की जाती बल्कि सेवा की जाती है. जिससे कि राष्ट्र को अपना तन मन धन सब कुछ देकर के समर्पित होना पड़ता है. इसमें 4 साल की नौकरियों में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को भागीदारी मिलेगी. जिससे देश की सीमा और अत्यधिक सुरक्षित होगी. इसलिए यह फायदे का सौदा है. इसमें किसी तरह का नुकसान नहीं है. वैसे भी जिसमें योग्यता होगी, वह आगे बढ़ेगा. इसका लाभ मिलेगा.

### मोदी सरकार की यह एक बेहद ही प्रभावशाली और अच्छी योजना है: सुभाष वर्मा

सुभाष वर्मा ने कह कि अग्निपथ योजना जो की मोदी सरकार द्वारा लाई गई है एक बेहद ही प्रभावशाली और अच्छी योजना है. जिसके तहत न सिर्फ राष्ट्र का सेवा करने का मौका मिलेगा बल्कि जो विद्यार्थी बाद में अग्निवीर बनेंगे उन्हें आगे कुछ और भी अवसर मिलेगा. नौकरी से निकलने के बाद उसे सरकार से आर्थिक मदद की प्राप्ति होगी. जिससे वह आगे की जीवन को भी सुरक्षित कर पाएंगे. साथ ही वे उन पैसों से कुछ अपना काम कर सकेंगे. इसमें एक साथ युवाओं को कई तरह का अवसर है.

### इस योजना से देश के युवाओं को सेना में सेवा का मौका मिलेगा: शशि कुमार

शशि कुमार ने कहा कि देश में अग्निवीर योजना आई है. इस अग्निवीर योजना के तहत युवाओं को देश का सेवा करने का मौका मिलेगा. उसके बाद हर एक क्षेत्र में हर एक को अलग-अलग क्षेत्रों में जाने का अवसर मिलेगा. इसलिए इसमें उन्हें आगे फायदा होगा. जो काम करना चाहेंगे वे करेंगे और जो नहीं चाहेंगे वे पैसे लेकर बाद में खुद का काम करेंगे. इसलिए यह पूरी तरह सही है.



## लातेहार

### आखिर चार साल में एक अग्निवीर देश की क्या और कितनी सेवा कर सकता है: शिवलोक सिंह

मतनाग ग्राम के शिवलोक सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार अग्निवीर योजना लायी था. इसमें एक अग्निवीर को चार साल की सेवा तय की गयी थी. आखिर चार साल में एक अग्निवीर देश की क्या सेवा कर सकता है. इनता समय पर जानने समझने व ट्रैनिंग में ही निकल जायेगा. उसके बाद अग्निवीर सैनिक रिटायर हो जायेगा. उम्र निकल जाने के बाद वह न तो इधर का रहेगा और ना ही उधर का. उसका व उसके परिवार का क्या होगा. इस पर सरकार को आगे सोचना होगा. इसलिए इस पर सरकार को नये सिरे से विचार करना होगा, तब ठीक रहेगा.

### सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर देश के युवाओं को अच्छा मौका दिया है: भोला सुरभी

शहीद चौक के युवा भोला प्रसाद सुरभी ने कहा कि सेना की नौकरी का मतलब देश की सेवा है. जिन्हें देश की सेवा करनी है वही सेना में जायें. जीने व कमाने के लिए और भी कई नौकरियां हैं. सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर देश के युवाओं को एक मौका दिया है. भले ही चार साल की नौकरी हो, लेकिन इसके बाद भी उनके पास कई अवसर रहेगें. वे इन चार सालों मे कम से कम देश का एक सच्चा नागरिक तो अवश्य बन सकते हैं. वहां रिटायर होने के बाद भी वह बहुत कुछ कर सकते हैं. इसलिए यह योजना कुल मिलाकर ठीक है.

### मोदी सरकार ने कई नौकरियों में अग्निवीरों को प्राथकिता देने की बात कही है: सतीष

युवा व्यवसायी सतीष कुमार साहु ने कहा कि अग्निवीर रिटायर हो कर भी बहुत कुछ कर सकते हैं. सरकार ने कई नौकरियों में अग्निवीरों को प्राथकिता देने की बात कही है. चार साल देश की सेवा करने का मौका मिलेगा. ऐसा नहीं है कि अग्निवीरों का वेतन कम है. उन्हें 30 हजार रूपये वेतन प्रति माह दिया जायेगा. सेवानिवृति के बाद भी अन्य कई प्रकार की सुविधायें दी जायेगीं. युवाओ के लिए यह एक अच्छा अवसर है. युवाओं को आगे बढ़कर इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए.

### वे सिर्फ चार सालों तक देश की सेवा कर सकते हैं वरन अपनी कौशलता भी बढ़ा सकते हैं: विशाल

युवा उद्यमी विशाल चंद्र साहु ने कहा कि देश की बेरोजगारी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है. ऐसे में सरकार ने अग्निवीर योजना साल 2020 में लायी थी और भर्तियों शुरू की थी. युवाओं के लिए यह एक अच्छा अवसर है. वे न सिर्फ चार सालो तक देश की सेवा कर सकते हैं वरन अपनी कौशलता भी बढ़ा सकते हैं. वहां से रिटायर होने के बाद भी उनके पास कई विकल्प रहेंगे. वहां से मिली धनराशि से वे अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं. जो उन्हें एक नया अवसर देगा.

## चांडिल

### अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती की प्रक्रिया पहले की तरह होनी चाहिए: शंकर

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र शंकर हांसदा ने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती की प्रक्रिया पहले की तरह ही होना चाहिए. अग्निवीर के तहत सेना में शामिल होने वाले युवाओं को कम वेतन मिलेगा और पेंशन का लाभ भी नहीं मिलेगा. अग्निवीर योजना ना देश के युवाओं के हित में है और ना देश के सुरक्षा के हित में. सरकार को युवाओं के बेहतर भविष्य को देखते हुए इस तरह की योजनाएं नहीं लाकर युवाओं को स्थायी और लंबी अवधि के लिए नियोजित करने पर विचार करना चाहिए.

### काफी कम वेतन पर भर्ती करने की योजना भारतीय सेना को कमजोर करेगी: महावीर

सेवा में जाने की तैयारी कर रहे हैं महावीर हांसदा ने कहा कि अग्निपथ योजना को लागू करते वक्त जो आशंकाएं जाहिर की गई थीं, वे सच साबित होकर सामने आ गईं. युवाओं को सेना के तीनों अंगों में चार साल की अवधि के लिए और काफी कम वेतन पर भर्ती करने की योजना भारतीय सेना को कमजोर करेगी. आधी-अधूरी ट्रेनिंग के साथ अग्निवीर ना तो सीमा पर दुश्मनों का सही तरीके से मुकाबला कर पाएंगे और ना देश के अंदर किसी ऑपरेशन को सही ढंग से पूरा कर पाएंगे. इसलिए सरकार को इसे देखना चाहिए.

### सरकार अग्निवीरों को ऐसे रास्ते पर छोड़ देगी जहां से कोई दूसरा रास्ता मिलना संभव नहीं है: जगन्नाथ

चांडिल के विद्यार्थी जगन्नाथ टोप्पो ने कहा की सेना में जाने के लिए वह जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं. इसके बाद भी अगर सरकार मात्र 4 साल के लिए नौकरी देगी तो इसका क्या फायदा. सरकार अग्निवीरों को ऐसे रास्ते पर छोड़ देगी जहां से कोई दूसरा रास्ता मिलना संभव नहीं है. कम अवधि के लिए सेवा में नौकरी वास्तव में सी को कमजोर करना है इसलिए सरकार को चाहिए की सुरक्षा के मामले में पुराने प्रणाली के तहत ही सैनिकों की भर्ती कराएं.

### सेवा में जाने के लिए मेहनत कर रहे युवाओं को 4 साल के लिए नौकरी देना है धोखा: सुभाष उरांव

विद्यार्थी सुभाष उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना के तहत सेवा में स्थायी नहीं एक प्रकार से संहिता के तौर पर भर्ती होगी, जो युवाओं के भविष्य के साथ एक प्रकार का खिलवाड़ होगा. सेवा में जाने के लिए वर्षों से मेहनत कर रहे युवाओं को 4 साल के लिए नौकरी देना उनके साथ धोखा है. अग्निवीर देशहित में खरे नहीं उतर पाएंगे.

## किरीबुरु



### अग्निवीर योजना अब तक की सबसे गलत योजना थी, जो लागू हो गई: दशरथ चाम्पिया

केन्द्र सरकार की अग्निवीर योजना अब तक की सबसे गलत योजना थी. यह धरातल पर युवाओं के आंदोलन की वजह से नहीं उपर पाया यह अच्छा कदम है. उक्त बातें सारंडा के नक्सल प्रभावित दुबिल गांव निवासी बेरोजगार युवक दशरथ चाम्पिया ने कहा. उसने कहा कि सारंडा के हम आदिवासी युवाओं में ईमानदारी, देशभक्ति, श्रम शक्ति कूट-कूटकर भरी हुई है. हम देश के दुश्मनों को हमेशा अपनी शहादत देने से पूर्व मारने को तैयार रहेंगे. लेकिन हमें कोई भी अपने योग्य समझता नहीं है. अग्निवीर में 4 साल का रोजगार व प्रशिक्षण से कुछ भी नहीं होता. इतने कम समय में हम बेहतर युद्ध के लिये न प्रशिक्षित हो सकते हैं और न आजीवन आर्थिक समस्या का समाधान कर पाते. सरकार कम से कम 60 वर्ष तक देश सेवा की गारंटी जैसी योजना लेकर आये. जिसमें सारंडा के हम आदिवासी युवाओं के लिये एक विशेष ब्रिगेड तैयार करे. ताकि हमलोगों को भी लाभ मिल सके.

### 20-30 हजार रुपये वेतन तो प्राइवेट कंपनी दे रही है, इसमें तो कम ही है : सुखराम सुरीन

सारंडा के कुम्बिया गांव निवासी सुखराम सुरीन, कुम्बिया ने कहा कि अग्निवीर देश के मेहनतकश युवाओं के लिये अभिशाप था. यह अच्छा हुआ की धरातल पर नहीं उतरा, अन्यथा बेरोजगार युवाओं का भविष्य बर्बाद हो जाता. उसने कहा कि 20-30 हजार रुपये वेतन तो प्राईवेट कंपनी दे रही है. देश की सेना के तीनों अंग में शामिल होने के लिये मात्र 4-5 साल का प्रशिक्षण व नौकरी कहां तक उचित है. उसके बाद अग्निवीरों का भविष्य क्या होगा ! सरकार कह रही थी की बाद में राज्य व केन्द्र सरकार की पुलिस व अन्य संस्थानों में नौकरी हेतु उनके लिये सीट विशेष रुप से आरक्षित रहेगी. लेकिन इसकी क्या गारंटी है कि बाद में अग्निवीरों को नौकरी मिलेगी. वैसे भी सरकार सारंडा के आदिवासी युवाओं के साथ हमेशा सरकार सौतेला व्यवहार करती है. फिर भी हमे एक बार फिर अजमा कर देखेंगे. आगे जो भी हो.

### आज तक सेना या अन्य में नौकरी नहीं मिली अब आगे मिले तो इस पर सोचेंगे : हांसदा

सारंडा के दुबिल गांव निवासी सुरेश हंसदा ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अग्निवीर का चयन व जितने दिन का नौकरी व प्रशिक्षण सरकार देना चाह रही थी, उतना प्रशिक्षण तो सारंडा की ऊंची पहाड़ियों पर प्रतिदिन दौड़कर चढ़ते हुये हम आदिवासी लेते रहते हैं. उसने कहा कि हम आदिवासियों से हमेशा सीआरपीएफ, सीआईएसएफ व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की नौकरी के लिए फार्म भराया जाता है. सारंडा में नक्सलियों से लोहा ले रही सीआरपीएफ द्वारा युवाओं को बहाली के लिए कई बार प्रशिक्षण दिया गया. लेकिन आज तक सेना या अन्य में नौकरी नहीं मिली. इससे हम सभी आहत हैं. यह ठीक नहीं है. हम भी चाहते हैं की पूरी ईमानदारी व सम्मान के साथ देश की सुरक्षा के लिये हम शहादत दें, लेकिन हमें यह मौका देश के लिये मिल नहीं रहा है. सड़क दुर्घटना में कुत्ता-बिल्ली की तरह मर जायेंगे तो हमें कौन जानेगा. सरकार कम से कम 60 साल की रोजगार गारंटी की योजना देश की सुरक्षा मामले में तैयार करे.

### पाकिस्तान में घुसकर देशहित में शहादत देने को तैयार, बस अवसर मिले: राऊतु चाम्पिया

सारंडा के नक्सल प्रभावित रोडुआं गांव के युवा मुंडा व बेरोजगार युवक राऊतु चाम्पिया ने कहा कि अग्निवीर योजना अब तक की सबसे असफल व गलत योजना थी. इस योजना के तहत अगर हम 4-5 वर्ष तक युद्ध कला का प्रशिक्षण प्राप्त कर सेवानिवृत्त हो गये और बाद में हम नक्सलियों या आतंकवादियों के प्रलोभन में आकर देश के खिलाफ हीं युद्ध छेड़ दें तो इससे किसका नुकसान होगा. हालांकि व्यक्तिगत मेरी सोच व मानसिकता ऐसी नहीं है. लेकिन खबरों में कई ऐसे मामले देखने को मिलते हैं. उन्होंने कहा कि सरकार पूरी प्रशिक्षण व 60 साल रोजगार का वेतन सुनिश्चित हम आदिवासियों के लिये करे. सिर्फ एक आदेश दे तो हम पाकिस्तान क्या चीन आदि देशों में भी घुसकर देश हित में शहादत देने को तैयार हैं. उन्होंने कहा कि सारंडा के हम युवा नक्सली या नक्सली समर्थक का ठप्पा लगना बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं. बल्कि हम अपने वतन के लिये शहादात देना चाहते है. हम आदिवासियों की कहानियां हमेशा सुर्खियों में आती है कि किसी का गला काट, मुंडी का बाल पकड़ थाने में पहुंचा. अर्थात हम आदिवासी हत्या करके भी भागते नहीं बल्कि न्यायपालिका के पास आत्मसमर्पण करते हैं. हालांकि यह पूरी तरह से गलत है और हम भी ऐसे कार्य की निंदा करतेहैं. आदिवासी समाज काफी जागरुक हुआ है और ऐसी घटनाएं लगभग कम हुई है.

## चक्रधरपुर

### अग्निवीर योजना के तहत युवाओं को ठगने का किया गया है काम, लेकिन अभी सरकार इसे बदल सकती है :रोहित मुंडा

चक्रधरपुर निवासी रोहित मुंडा ने कहा कि अग्निवीर योजना के तहत युवाओं को सेना की नौकरी के नाम पर ठगने का काम किया गया है. देश की सेना में नौकरी की तैयारी को लेकर युवा हर संभव प्रयास कर मेहनत करते हैं, लेकिन युवाओं का सपना चकनाचूर हो रहा है. खासकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में सेना की नौकरी की चाह रहती है. पूर्व में अग्निवीर योजना को लेकर युवाओं को सेना में भर्ती दिलाने का आश्वासन दिया गया था, उसे पूरा नहीं किया गया. ऐसे में कैसे काम चलेगा.

### नौकरी की चाहत में युवाओं का उम्र हो रहा है खत्म: सुरेश पूर्ति

चक्रधरपुर के जामिद गांव निवासी सुरेश पूर्ति ने कहा कि वे पिछले तीन साल से थल सेना की नौकरी की तैयारी कर रहे हैं. इसके लिए दौड़ व अन्य शारीरिक परिश्रम करने पड़ रहे हैं. लेकिन अब नहीं लगता कि सेना में नौकरी मिल पाएगी. पूर्व की नौकरी बहाली प्रक्रिया ठीक थी. कम समय के लिए व कम वेतन में अग्निवीर योजना के तहत बहाली लिया जाता था. युवाओं को ठगा नहीं जाता था. यह देश हित में नहीं है. सरकार को विद्यार्थियों व युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए.

### केंद्र या राज्य सरकार को युवाओं की नहीं है चिंता, इसलिए इस तरह भर्ती की योजना लाई: सोनू गागराई

चक्रधरपुर के होयोहातु गांव निवासी सोनू गागराई ने कहा कि केंद्र या राज्य सरकार को देश के युवाओं की चिंता नहीं है. युवाओं को सेना में नौकरी देने के नाम पर ठगा जा रहा है. सेना का कार्य काफी जोखिमभरा व जिम्मेवारीपूर्ण माना जाता है, लेकिन अग्निवीर योजना के नाम पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. यह नहीं किया जाना चाहिए. सरकार को पहले इस मामले को पूरा अध्ययन करना चाहिए था. तब इसे लागू करना चाहिए था. लेकिन ऐसा नहीं हुआ है.

## घाटशिला

### आधी अधूरी ट्रेनिंग के साथ सीमा पर कैसे दुश्मनों का मुकाबला कर पाएं, सोचनीय है : सुनील हांसदा

घाटशिला महाविद्यालय के छात्र सुनील हांसदा ने कहा कि सरकार के द्वारा अग्निवीरों की बहाली निकाली गई थी उसी समय से विरोध शुरू हो गया था. सरकार के द्वारा मात्र 4 वर्ष के लिए अग्निवीरों को नियुक्त किया जाना था जो युवाओं को सोच में डाल दिया. उन्होंने कहा कि आधी अधूरी ट्रेनिंग के साथ क्या सीमा पर दुश्मनों का मुकाबला कर पाएंगे. यह बड़ा सवाल है. इतने कम समय की ट्रेनिंग में देशहित के किसी भी ऑपरेशन के लिए संभव नहीं है. सरकार द्वारा एक सोची समझी रणनीति के तहत युवाओं को बेवकूफ बनाया जा रहा है. इसलिए युवाओं को इसमें जाने पर सोचना चाहिए.

### सैनिक की तरह ही अग्निवीरों को भी मिलना चाहिए पूरा सम्मान, तभी उन्हें फायदा होगा: नारायण मुर्मू

घाटशिला प्रखंड के युवा नारायण मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अग्निवीर की बहाली के लिए जोर-जोर से प्रयास किया गया. परंतु युवाओं के साथ एक धोखा था. कुछ समय पहले पंजाब या हरियाणा में किसी ऑपरेशन के दौरान अग्निवीर की मौत हो गई थी. कुछ जवानों द्वारा उसे घर पर लाकर छोड़ दिया गया था. उन्हें ना ही सम्मान मिला और ना ही तिरंगा. अगर देश सेवा में अग्निवीरों को शामिल किया गया तो सरकार को एक सैनिक की तरह युवाओं को सम्मान दिलाना चाहिए. अग्निवीरों का वेतन भी 20 से 30 हजार रुपया प्रतिमान देने का ऐलान किया गया था जो की काफी कम है. सरकार को इसके लिए एक ठोस निर्णय लेने की जरूरत है. तब जाकर अग्निवीर देश की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर पाएंगे. इसलिए इस पर सोचना होगा.

## बोकारो

### अग्निवीर योजना से प्रशिक्षित बेरोजगारी का करेंगे सामना : विकास कुमार

बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड निवासी विकास कुमार ने बताया कि अग्निवीर योजना में चार साल के सेवा काल में वे युवा अन्य नौकरियों में पहुंच से बाहर हो जाएंगे, जिससे उन्हें भरी जवानी में ही प्रशिक्षित बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा. इस योजना में सेवानिवृत होने के बाद कोई पेंशन नहीं मिलेगा और न ही इन्हें एक सैनिक या शहीद का दर्जा मिल पाएगा. चार साल की सेवा देने के बाद उन्हें बाहर निकाल दिया जाएगा. जिससे सेना में अनुभवी सैनिकों का अभाव हो जाएगा. इस योजना से भाड़े के सैनिक बनकर रह जाएंगे. जिनमें देश के प्रति सेवा और समर्पण का अभाव अधिक होगा. एक सैनिक का मूल उद्देश्य देशभक्ति होनी चाहिए, पैसा कमाना इसका मूल उद्देश्य नहीं है.

### साढ़े तीन साल की ड्यूटी में कोई सैनिक कैसे बनेंगे परिपक्व, इसे देखना होगा: विकू कुमार

बोकारो जिले के बाराडीह निवासी विकू कुमार ने बताया कि मात्र 6 महीने की ट्रेनिंग से एक कुशल सैनिक बनना आसान नहीं है. इसके लिए उन्हें विभिन्न तरह के ऑपरेशन में भाग लेकर अनुभव सीखना पड़ता है. उसके बाद बचे मात्र साढ़े तीन साल के सेवा काल में उनके अंदर सैनिक का जज्बा नहीं आ पाएगा. इतनी कम ड्यूटी में कोई भी सैनिक परिपक्व नहीं हो सकता है. ऐसे में सेवा में परिपक्वता में कमी आएगी. यदि कोई अग्निवीर रिटायर होकर किसी गलत तत्वों के साथ मिलकर या भ्रमित होकर देश विरोधी तत्वों से जुड़ जाता है तो ऐसे में हमारा ही अस्त्र हमारे ऊपर चलने जैसी नौबत आ सकती है. इसलिए नौकरी से हटने के बाद भी उस पर नजर रखनी होगी.



## बहरागोड़ा

### अग्निवीर योजना के तहत सेना में अस्थाई नियुक्ति करना युवाओं के साथ धोखा: मनजीत

युवा मनजीत बेरा ने बताया कि अग्निवीर के तहत सेना में अस्थाई नियुक्ति करना युवाओं के साथ सरासर धोखा है. देश सेवा में नौजवान अपने जान की परवाह किए अस्थाई नियुक्ति के द्वारा काम करने पर उनका मनोबल मैं कमी आती है. इसलिए सरकार को ऐसे नहीं नियुक्ति ना करके स्थाई नियुक्ति करना चाहिए. जिससे की आने वाले पीढ़ी को बेहतर सुरक्षा मिल पाएगा.

### चार साल के लिए अग्निवीर में नियुक्ति प्रक्रिया देशहित के लिए सही नहीं, इसे बदलना चाहिए: कृष्ण गोपाल प्रधान

युवा कृष्ण गोपाल प्रधान का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा देश सुरक्षा के लिए इतने कम समय सेना में नियुक्ति करना उचित नहीं है. इसलिए सरकार को इनके नियमों में बदलाव कर स्थाई नियुक्ति देने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए. जिससे युवा लगन के साथ देश की रक्षा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे पाए. क्योंकि सेना के प्रशिक्षण में ही अधिक समय लग जाता है. वहीं प्रशिक्षण समाप्त होते ही बहुत कम समय अपने देश सेवा में दे पाते हैं. इसलिए समय अवधि को बढ़ाना चाहिए.

### अग्निवीर योजना में नियुक्ति प्रक्रिया को स्थाई करना ही चाहिए: हार्दिक मुंडा

विद्यार्थी हार्दिक मुंडा ने बताया कि सेवा में भर्ती के लिए चलाए जा रहे हैं. अग्निवीर में युवाओं को स्थाई नौकरी मिलना चाहिए. अभिषेक युवा मन लगाकर देश सेवा कर पायेंगे. साथ ही इतनी कम सैलरी में युवाओं को सेवा में भर्ती करना उचित नहीं है. इसलिए सरकार को उचित सैलरी के साथ स्थाई नियुक्ति करना चाहिए.

# Her Story



# अलविदा 2023

**साल का समापन समीप है. उम्मीदों की नई जमीं हमारी प्रतीक्षा कर रही है. लेकिन गुजरते वक्त तकाजा है कि हम एक बार ठहर कर, जरा पलट कर देखें कि हमारे हिस्से कितनी उपलब्धियां, कितनी खुशियां आईं. साथ ही आगे बढ़ने से पहले एक नजर उन दुखद पहलुओं पर भी ताकि आगे के सफर में ऐसी घटनाओं से बचने का संकल्प ले सकें...**

# उपलब्धियों के ये 23 नाम

## नीति गोयल



नीति गोयल मुख्यतः रेस्टोरेंट्स व्यवसायी हैं. पेरिस के 'रेस्टोरेंट्अर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से पुरस्कृत हैं. उनका एक रेस्टोरेंट दुनिया के 50 सबसे बेहतरीन रेस्टोरेंट में शामिल है. लेकिन एक उद्यमी होने के अलावा भी उनकी अपनी एक अलग शख्सियत है. नीति ने 32 अनाथालयों, 800 से अधिक यौनकर्मियों को गोद लिया है. बेघरों के लिए एक हजार से अधिक घर भी बनाए. कोरोना काल से वापस अपने घरों को लौट चुके श्रमिकों को वापस लाने का भी काम किया है. महिलाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में कई अहम कदम उठाए.

## सावित्री जिंदल



ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल देश की सबसे अमीर महिला हैं और भारत के अमीरों की सूची में उनका स्थान पांचवें नंबर पर है. 73 साल की सावित्री जिंदल की नेटवर्थ 25.3 अरब डॉलर पहुंच गई है. इस साल उनकी नेटवर्थ में जबरदस्त इजाफा हुआ है. उनकी शादी साल 1970 में जिंदल ग्रुप के फाउंडर ओमप्रकाश जिंदल के साथ हुई थी. पति की मृत्यु के बाद से वे सारा कारोबार संभाल रही हैं.

## शेफाली वर्मा



शेफाली वर्मा भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सबसे छोटी सदस्यों में हैं जिन्होंने इस साल एशियन गेम्स समेत कई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है. शेफाली का ओवर ऑल रिकॉर्ड अच्छा रहा है. उन्होंने 22 वनडे मैचों में 535 रन बनाए हैं. इस दौरान 4 अर्धशतक लगाए हैं. उन्होंने 59 टी20 मैचों में 1363 रन बनाए हैं. शेफाली ने इस फॉर्मेट में 5 अर्धशतक लगाए हैं. वे 2 टेस्ट मैच भी खेल चुकी हैं. इसमें 242 रन बनाए हैं. इस दौरान 3 अर्धशतक लगाए हैं.

## कर्नल सुनीता



इस साल नवंबर में कर्नल सुनीता सशस्त्र बल ट्रांसफ्यूजन सेंटर की कमान संभालने वाली पहली महिला बनीं. सशस्त्र बल ट्रांसफ्यूजन सेंटर नई दिल्ली में स्थित है. इससे पहले, वे अरुणाचल प्रदेश में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण फील्ड अस्पताल में कमांडिंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत थीं. कर्नल सुनीता को सशस्त्र बलों के सबसे बड़े रक्त आधान केंद्र, एएफटीसी के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है.

## शुचिता शेखर



कर्नल शुचिता शेखर सेना सेवा कोर की पहली महिला अधिकारी हैं, जिन्होंने कम्युनिकेशन जोन मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट बटालियन की कमान संभाली है. कर्नल शुचिता को इस साल जून में यह जिम्मेदारी दी गई थी.

## रेखा झुनझुनवाला



कमाई और लाभ के मामले में रेखा झुनझुनवाला ने कई रिकॉर्ड तोड़े हैं. एक महीने में कई सौ करोड़ कमाने के रिकॉर्ड तकरीबन हर महीने अखबारों की सुर्खियां में इस साल भी आते रहे. भारतीय शेयर बाजार के बिग बुल कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला फोर्ब्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं. उनका नेट वर्थ करीब 7.6 बिलियन डॉलर के आसपास बताया जाता है. कई बड़े कंपनियों में इनके मेजर स्टॉक हैं. साथ ही अकाशा एयरलाइंस में भी अनकी हिस्सेदारी बतायी जाती है. फोर्ब्स की सूचि में इस साल दूसरे स्थान रेखा झुनझुनवाला का नाम आता है. वह भारत की 28वीं सबसे अमीर व्यक्ति है. उनकी कुल नेट वर्थ 7 अरब डॉलर है.

## सविता पुनिया



खेल की दुनिया में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया साल का चर्चित नाम रहीं. सविता की कप्तानी में भारत ने इस साल हांगझोऊ एशियाई खेलों कांस्य पदक जीता था. उसके बाद रांची में हुई महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब हासिल किया था. उनकी कप्तानी में ही भारत ने अपनी श्रेष्ठ विश्व रैंकिंग (06) हासिल की.

## हरमनप्रीत कौर



हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हैं. दुनिया की क्रिकेट में टीम इंडिया के चर्चे की एक वजह वे भी हैं. उनकी कप्तानी में हाल ही दुनिया की दिग्गज टीमों में शुमार ऑस्ट्रेलिया को इकलौते टेस्ट में आठ विकेट से फ़तह करके साल के इस आख़िरी महीने में ऐसा धमाका किया है, जिसकी गूंज क्रिकेट में सुनाई देती रहेगी. भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर टेस्ट मैचों में पहली जीत दर्ज की है.

## मनीषा पाढ़ी



स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को पिछले महीने भारतीय सशस्त्र बल में भारत की पहली महिला सहायक-डी-कैंप (एडीसी) के रूप में नियुक्त किया गया था. इसी के साथ मनीषा पाढ़ी देश की पहली महिला एडीसी बन गईं.

## कैप्टन सुरभि जखमोला



117 इंजीनियर रेजिमेंट की भारतीय सेना अधिकारी कैप्टन सुरभि जखमोला को भूटान में सीमा सड़क संगठन के प्रोजेक्ट दंतक में तैनात किया गया था. वह सीमा सड़क संगठन में विदेशी असाइनमेंट पर तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं.

## लीना तिवारी



अमीर महिलाओं की लिस्ट में चौथे स्थान पर यूएसवी इंडिया फार्मा कंपनी की चेयरमैन लीना तिवारी का नाम है. इनकी नेट वर्थ 4.8 बिलियन डॉलर कंपनी के पास करीब 62 वर्षों का कार्य अनुभव है. जो रेवलॉन की सहायक कंपनी यूएसवीएंडपी इंक. यूएसए के साथ एक संयुक्त उद्यम के रूप में शुरू हुई थी. आज इसके उत्पाद में सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई), निश्चित खुराक फॉर्मूलेशन (एफडीएफ), पेप्टाइड्स, बायोसिमिलर और इंजेक्टेबल्स शामिल हैं. इनका निर्माण भारत में स्थित हमारे सीजीएमपी अनुरूप संयंत्रों में किया जाता है. कंपनी 65 देशों में अपने उत्पाद बेचती है.

## गीतांजलि श्री



बुकर सम्मानित भारतीय लेखिका गीतांजलि श्री इस साल भी अपनी किताबों को लेकर चर्चा में रहीं. देश भर में लगे पुस्तक मेलाओं में उनकी किताबों की खास मांग रही. गौरतलब है कि उन्हें बुकर पुरस्कार उपन्यास 'रेत समाधि' के अंग्रेज़ी अनुवाद 'टॉम्ब ऑफ़ सैण्ड' के लिए दिया गया. यह पहली बार है कि किसी भारतीय भाषा के अनुवाद को यह अवॉर्ड मिला है.

## शालिजा धामी



ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी फ्रंटलाइन कॉम्बैट यूनिट की कमान संभालने वाली पहली महिला वायु सेना अधिकारी बनीं. शालिजा को पश्चिमी क्षेत्र में मिसाइल स्क्वाड्रन का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था. शालिजा 2003 में हेलीकाप्टर पायलट के रूप में वायुसेना में भर्ती हुई थीं और साल 2019 में वह वायु सेना में फ्लाइंग यूनिट के फ्लाइट कमांडर के पद पर प्रमोशन पाने वाली पहली महिला अधिकारी बनी थीं.

## दीपिका मिश्रा



इस साल विंग कमांडर दीपिका मिश्रा भारतीय वायु सेना में वीरता पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं. उन्होंने 20 अप्रैल को भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी से वीरता के लिए वायु सेना पदक प्राप्त किया. उन्होंने 2021 में मध्य प्रदेश में बाढ़ के दौरान 47 लोगों की जान बचाने में मदद की थी.

## गीता राणा



भारतीय सेना के कॉर्प्स ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड मकैनिकल इंजीनियर्स की कर्नल गीता राणा पूर्वी लद्दाख के अग्रिम मोर्चे पर फील्ड वर्कशॉप को कमांड करने वाली भारतीय सेना की पहली महिला अधिकारी हैं.

## प्रेरणा देवस्थली



लेफ्टिनेंट कमांडर प्रेरणा देवस्थली भारतीय नौसेना इतिहास बनाने के लिए तैयार है. नौसेना ने प्रेरणा देवस्थली को युद्धपोत की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी नियुक्त किया है. प्रेरणा देवस्थली वर्तमान में युद्धपोत आईएनएस चेन्नई पर प्रथम लेफ्टिनेंट के रूप में कार्यरत हैं.

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम

19 सितंबर 2023 को महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण देने के उद्देश्य से 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' लोकसभा में पेश किया गया. ये विधेयक दोनों सदनों में पेश हुआ और लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी विधेयक को मंजूरी दे दी जिससे यह कानून में बदल गया. हालांकि, महिला आरक्षण कानून को लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन किया जाएगा.



## सिलेंडर के रेट में 200 की कटौती



अगस्त महीने के आखिर में केंद्र सरकार ने घरेलु गैस सिलेंडर के रेट में 200 रुपये की बड़ी कटौती कर रसोई की बजट से जूझ रही महिलाओं को बड़ी राहत दी थी. सरकार ने इस महिलाओं को रक्षाबंधन का उपहार बताया था.

## मेहुली घोष



युवा निशानेबाज कोलकाता की मेहुली घोष ने विश्व चैंपियनशिप में कमाल का प्रदर्शन किया. कांस्य पदक हासिल किया. मेहुली घोष ने विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल किया.

## शिवा चौहान



कैप्टन शिवा चौहान दुनिया की सबसे ऊंची युद्ध क्षेत्र सियाचिन में कुमार पोस्ट में ऑपरेशनल रूप से तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी हैं. भारतीय सेना के फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स की कैप्टन शिवा चौहान को कठिन ट्रेनिंग के बाद इस साल 2 जनवरी को सियाचिन ग्लेशियर में तैनात किया गया. शिवा 15,632 फीट की ऊंचाई पर स्थित सबसे खतरनाक कुमार पोस्ट पर ड्यूटी कर रही हैं.

## साल का सबसे बड़ा दुख

इस साल मार्च से जून तक के महीने में मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच की झड़प इस कदर बढ़ी कि दो महिलाओं के सम्मान पर बात आ गई. महिलाओं को निर्वस्त्र कर पूरे इलाके में घुमाया गया और उनके करीबियों को भी मार दिया गया. घटना कुछ महीने पुरानी थी लेकिन जुलाई के महीने में इन महिलाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ, जिसने लोगों कि सिर शर्म से झुका दिया. इन महिलाओं के परिजनों को भी जान से मार दिया गया. मणिपुर में हुई इस घटना ने सबको हिलाकर रख दिया था.



## आलिया भट्ट



वर्ष 2023 आलिया भट्ट के लिए भी खास रहा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2023 में गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार उन्हें मिला. अपनी बिटिया राहा और रणवीर कपूर से जुड़े एक इंटरव्यू को लेकर भी चर्चा में रहीं. अखबार की सुखियों में तब भी आईं जब उनके चाइल्ड वियर ब्रांड एड-ए-मम्मा के रिलायंस इंडस्ट्री के 51% खरीदने की बात सामने आई.

## सोरोखैबम गंभिनी




त्रिपुरा की प्रमुख मणिपुरी कवयित्री सोरोखैबम गंभिनी को मणिपुरी में उनकी सराहनीय कविता रच ना के लिए इस वर्ष के प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है. त्रिपुरा विश्वविद्यालय की छात्रावास में वार्डन के रूप में कार्यरत गंभिनी ने आधे दशक के लंबे शोध के बाद कविता-पुस्तक 'याचांगबा नांग हेलो' की रचना की, जो दर्शन, जीवन और मानवता से संबंधित है और 2018 में त्रिपुरा के एक प्रकाशक द्वारा प्रकाशित की गई थी.

## आशी चौकसे



शूटर आशी चौकसे ने इस साल एशियन गेम्स में भारत की धूम मचा दी. मध्य प्रदेश की आशी चौकसे ने देश को दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल दिलाकर भारत का मान बढ़ा दिया है. आशी ने '3-पी 50 मीटर' एकल स्पर्धा में 451.9 स्कोर करते हुए ब्रॉन्ज मैडल जीता है. जबकि टीम स्पर्धा में दो सिल्वर मैडल जीते हैं.

## दीपिका पादुकोण




इस साल फिल्म पठान और जवान में अपनी जबरदस्त एक्टिंग से फैंस का दिल जीता और दोनों फिल्मों ने ही इस साल हिंदी सिनेमा में रिकॉर्ड तोड़े. ऑस्कर 2023 अवॉर्ड शो में दीपिका पादुकोण की प्रस्तुति उन्हें वैश्विक पहचान दिलाने में कामयाब रही. पहली बार ऑस्कर में इंडिया की तरफ से दीपिका ने शिरकत की. दीपिका ने अपने स्टाइल से सभी को दीवाना बना लिया.

## कियारा आडवाणी



इस साल की शुरुआत में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली कियारा आडवाणी अंत तक चर्चा में रही. इस साल 'सत्यप्रेम की कथा' ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कमाई की.कियारा आडवाणी अब अपनी आगामी फिल्मों की तैयारी में जुटी हैं. वह राम चरण के साथ फिल्म 'गेम चेंजर' और ऋतिक रोशन के साथ 'वॉर 2' में नजर आएंगी.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

